रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-241 मूल्य 3.00 ₹







## क्विक न्यूज़

### कांग्रेस ने मोदी सरकार पर बदले की राजनीति का लगाया आरोप

**बेंगलुरु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेंगलुरु के निर्धारित दौरे से पहले कांग्रेस के प्रमुख नेता रणदीप



सिंह सुरजेवाला ने नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला और उन पर महत्वपूर्ण सूखा राहत कोष को रोककर कर्नाटक के खिलाफ बदले की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया। सुरजेवाला ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे शाह पर निशाना साधा और सूखा राहत के लिए निर्धारित 18,172 करोड़ रुपये जारी किए बिना कर्नाटक में कदम रखने के केंद्रीय गृह मंत्री के अधिकार पर सवाल उठाया।

### भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट पर नया चेहरा उतारा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख की लोकसभा सीट पर



नया चेहरा उतारा है। पार्टी की जारी 14वीं सूची में लद्दाख में ताशी ग्यालसन को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वर्ष 2019 में इस सीट पर भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल को जीत हासिल हुई थी।

### केजरीवाल, कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को सात मई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आम आदनी पार्टी नेता केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया।

# हमारी प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा-इन 10 साल में मैंने एक भी छुट्टी नहीं ली

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जांजगीर-चांपा के अंतर्गत सक्ती जिले के कॉलेज ग्राउंड जेठा बाराद्वार में चुनावी सभा को संबोधित किया। विजय संकल्प शंखनाद महारैली में अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने जय जोहार से की। उन्होंने कहा, कोसा-कासा और कंचन की धरती में आज एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है। कुछ महीने पहले लोकसभा चुनाव में मैं आप सभी से आशीर्वाद मांगने आया था, आज फिर तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, 10 साल तक आपने मुझे देखा है, मैं आपके लिए दौड़ रहा, आपके लिए जाग रहा, इन 10 साल में मैंने एक भी छुट्टी नहीं ली है। सोशल मीडिया में लोग कहते हैं कि मोदी जी कितना काम करते हैं, दिन रात दौड़ते-भागते रहते हैं, इन कामों के बदले मैं आपसे फिर आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैं निश्चिंत हूं क्योंकि आप लोग बहुत दिलदार



हैं। बहुत आशीर्वाद देने वाले लोग हैं। मैंने जब भी आपसे आशीर्वाद मांगा तो आपने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि आगामी 26 अप्रैल को मोदी के लिए एक घंटे निकालकर वोट करना है। आपको जांजगीर-चांपा लोकसभा से प्रत्याशी कमलेश जांगडे और रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को मेरी मदद से लिए दिल्ली भेजना है। उन्होंने कहा, मुझे माँ चंद्रहासिनी, अष्टभुजी मैय्या, गिरौदपुरी धाम, दामाखेड़ा की कृपा और आप सभी जनता के आशीर्वाद पर पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री ने रामनामी समाज के योगदानों को याद करते हुए कहा, रामनामी समुदाय अपनी भक्ति, समर्पण और प्रभु के प्रेम भजन के लिए जाना जाता है। कहते हैं कि रामनामी समुदाय के पूर्वजों के पहले ही बता दिया था कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कब होगी। यह सौभाग्य हमें मिला। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस के लोग हम पर तंज करते थे। हर चुनाव में हमें पूछा जाता था, मंदिर कब बनेगा, गली-मोहल्लों में कांग्रेस कहा करते थे, मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। आज देखिए भव्य मंदिर भी बना, तारीख भी बताई और न्योता भी दिया लेकिन कांग्रेस ने हमारी आस्था का मजाक बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। हमारी प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। कांग्रेस ने 60 साल तक गरीबी हटाओ का नारा दिया और अपने नेताओं के जेब भरते रहे, झूठा वादा किया। लेकिन मोदी ने झूठा सपना नहीं दिखाया बल्कि गरीबी में जी रहे 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला। हमारी नीयत सही थी, इसलिए नतीजे भी सही मिले। हमारा 10 साल का ट्रैक रिकार्ड है, हम जो कहते हैं उसे करने में कोई कमी नहीं छोड़ते। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पहले छत्तीसगढ़ का किसान पानी होने के बावजूद भी धान ज्यादा नहीं उगाता था, क्योंकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती फसल को बेचना और कम मूल्य की थी। लेकिन आज हमारे विष्णु देव साय की सरकार ने यह समस्या दूर कर दी है। 45 हजार करोड़ रूपए बहुत कम समय में ही किसानों को मिल चुके हैं। 7 हजार करोड़ रूपए किसान सम्मान निधि के किसानों को मिल चुके हैं। मेरा वादा है कि यह रकम ऐसे ही आते रहेगा।

### संविधान में कांग्रेस ने खुद 80 बार संशोधन किया और कहती है भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी : साय

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रधानमंत्री की उपस्थिति में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी गलतफहमी फैला रहे हैं कि केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनी तो आरक्षण को खत्म कर देगी, संविधान से छेड़छाड़ करेगी। लेकिन संविधान से छेड़छाड़ करने वाली तो कांग्रेस है, जिसने संविधान में अब तक 80 बार संशोधन किया है। कांग्रेस



अब भाजपा पर आरोप लगाकर जनता को भरमा रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बोल चुके हैं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग किसी का भी आरक्षण खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आज अपनी हार निश्चित देख कर कांग्रेसी, हमारे प्रधानमंत्री और बड़े-बड़े नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। लेकिन जनता इसको बर्दाश्त नहीं करेगी।

### तीसरे चरण में 95 सीटों पर 1,351 उम्मीदवार

वार्ता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर एक हजार 351 उम्मीदवार मैदान में हैं। तीसरे चरण में इस सीटों पर मतदान सात मई को कराये जायेंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि तीसरे चरण के चुनाव के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कुल 1,351 उम्मीदवार बचे हैं। आयोग ने कहा है कि इनमें मध्य प्रदेश की बैतूल (अजजा) क्षेत्र के आठ प्रत्याशी और गुजरात के सूरत निर्वाचन क्षेत्र में निर्विरोध निर्वाचित एक प्रत्याशी का नाम भी शामिल है। गौरतलब है कि बैतूल निर्वाचन क्षेत्र की चुनाव प्रक्रिया द्वितीय चरण में संपन्न होनी थी। बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है। नाम वापस लेने के बाद गुजरात में 26 सीटों पर 266 प्रत्याशी, महाराष्ट्र में 11 सीटों पर 258, कर्नाटक में 14 सीटों पर 227, छत्तीसगढ़ में सात सीटों पर 168, मध्य प्रदेश में नौ सीटों पर 127, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर 100, पश्चिम बंगाल में चार सीटों पर 57, बिहार में पांच सीटों पर 54, असम में चार सीटों पर 47, जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 20, गोवा की दो सीटों पर 16, दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव में दो सीटों पर 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हैं। बैतूल सहित 95 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिये कुल दो हजार 963 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे।

### निशुल्क सुविधा और वस्तुएं देने के चुनावी वादों से बचना चाहिए : नायडू

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति एवं वेंकैया नायडू ने कहा है कि दल बदल कानून को सख्त बनाया जाना चाहिए और निशुल्क सुविधाओं को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। नायडू ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक



जीवन में नैतिकता का महत्व घट रहा है। यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को चुनावी वादों के दौरान निशुल्क सुविधा और वस्तुएं देने के वादों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक दल निशुल्क सुविधा और वस्तु देने का वादा करें तो उन्हें उसे जुटाने के संसाधनों का ब्यौरा भी देना चाहिए। उन्होंने कहा, आम जनता को भी नेताओं से यह सवाल करने चाहिए कि इसके लिए संसाधन कहां से आएंगे ? यह कार्यक्रम नायडू को पद विभूषण सम्मान से सम्मानित होने के उपलक्ष्य में किया आयोजित गया था। नायडू ने राजनेताओं के एक दल से दूसरे दल में जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दल बदल विरोधी कानून को सख्त बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह गलत राजनीतिक प्रथा है और इस पर अंकुश लगाना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि जो राजनेता अपने प्रतिद्वंदी के लिए गलत भाषा का प्रयोग करते हैं, जनता को उन्हें नकार देना चाहिए।


# UNCONDITIONAL PUBLIC APOLOGY

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण (रिट याचिका सं. 645/2022) के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने अथवा अवज्ञा के लिए हम वैयक्तिक रूप से, साथ ही कम्पनी की ओर से बिना शर्त क्षमायाची हैं।

हम विगत 22.11.2023 को बैठक/संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी क्षमाप्रार्थी हैं। हम अपने विज्ञापनों के प्रकाशन में हुई गलती के लिए भी ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं और पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। हम पूरी सावधानी और अत्यंत निष्ठा के साथ माननीय न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने और लागू कानूनों एवं माननीय न्यायालय/संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

निवेदक,
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
आचार्य बालकृष्ण,
स्वामी रामदेव,
हरिद्वार, उत्तराखंड


### छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई

## देश में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस मोदी की देन : योगी

पायनियर संवाददाता ∢ गोरखपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देश के अंदर 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण आया है जिसका सर्वाधिक लाभ गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिला है। उन्होने कहा कि कांग्रेस, सपा व अन्य कई दलों का इंडी गठबंधन मोदी की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से बौखलाहट में है। इसी बौखलाहट के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा



दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक 'दादी से लेकर पोते तक' इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में चार करोड़ गरीब परिवारों को मकान मिला और अगले पांच साल में तीन करोड़ और लोगों को मकान देने का लक्ष्य भाजपा के संकल्प पत्र में दर्शित है। मोदी जी के शासन में गरीब कल्याण के कार्यों की एक लंबी श्रृंखला है। इसमें बारह करोड़ घरों में शौचालय बने, 50 करोड़ लोगों के जनधन एकाउंट खोले गए, 80 करोड़ लोगों को चार साल से मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है, 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर मिला, 10 करोड़ गरीबों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिले, 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिला। उन्होने कहा कि आजादी के 70 वर्षों तक देश के अंदर सबसे अधिक समय तक कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने राज किया लेकिन उसके कुसाशन के चलते करोडों लोग मकान, बिजली, नल, इलाज की सुविधा, शौचालय, रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित रहे। गरीबों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखने की दोषी कोई और नहीं, कांग्रेस और उसके पार्टनर हैं। जबकि इन करोडों वंचितों के जीवन में खुशहाली लाने वाले पीएम मोदी हैं। योगी ने कहा कि वास्तव में गरीब कल्याण की उपलब्धियां भाजपा सरकार के मूलमंत्र बिना भेदभाव, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का साकार रूप हैं। कभी मोदी जी ने यह नहीं कहा कि ये मैंने किया। उन्होंने हमेशा कहा कि यह सबका विश्वास है, सबका प्रयास है। आज भी मोदी जी अपने भाषण में इस बात को कहते हैं की जनता को जो सबकुछ मिला है इसका श्रेय मुझे नहीं, जनता जनार्दन को है। क्योंकि, जनता जनार्दन ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार की कीमत को समझा है।

# नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में सम्मिलित होकर कड़ी चुनौती देंगी दन्तेवाड़ा जिले की 4 बेटियां

पायनियर संवाददाता ॱ किरंदुल
www.dailypioneer.com




युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2024 का आयोजन देश की राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में दिनांक 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक किया जाएगा, जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग एवं वजन वर्ग में दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा जिले की लौह नगरी किरंदुल के केंद्रीय विद्यालय की 4 छात्रायें अनुष्का यादव, पाखी बघेल, कृति यादव, रुचिता पात्रे समेत छत्तीसगढ़ के अन्य खिलाड़ी सम्मिलित होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। केंद्रीय विद्यालय किरंदुल के व्यायाम शिक्षक विनोद तबूना ने बताया कि यह प्रथम अवसर है जब इस सुदूर अंचल में स्थित केवी किरंदुल की बेटियाँ ताइक्कांडो की नेशनल कम्पीटिशन में हिस्सा ले रही हैं। इन खिलाड़ियों द्वारा निरंतर कठोर परिश्रम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो संघ के सदस्य तरुण गंगबेर ने छात्राओं की रुचि को देखते हुए उन्हें सतत प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारा तथा उनके प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन में अक्टूबर 2023 में रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर अनुष्का यादव, कृति यादव, रुचिता पात्रा एवं पाखी बघेल द्वारा अपने-अपने वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर तथा दिल्ली में आयोजित नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए चयनित होकर अपने विद्यालय, किरंदुल नगर तथा दंतेवाड़ा जिले को गौरवान्वित किया। अब ये खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम में सम्मिलित होकर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेंगे।

नेशनल स्पर्धा में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली रवाना होने से पूर्व केंद्रीय विद्यालय किरंदुल के प्राचार्य बलजिंदर सिंह, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों ने मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया है। खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय ताइक्कांडो प्रशिक्षक तरुण गंगबेर तथा अपने माता पिता को दिया है।

# सुकमा की दीपिका गरियाबंद और छुरा में जीत रही लोगों का दिल मोदी को पीएम बनाने कर रही अपील

पायनियर संवाददाता ॱ सुकमा
www.dailypioneer.com




सुकमा जिले की आदिवासी नेत्री भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी लोकसभा चुनाव के दृतिय चरण में भाजपा की ओर से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विन्द्रानवागढ़ विधानसभा के मण्डल गरियाबंद, परसूली, मैनपुर, मदनपुर, पीपरछेड़ी व मण्डल छूरा के रसेला, कनसिधी, रूवाड़ क्षेत्र में मोर्चा संभाल कर डोर टू डोर जाकर लोगों का दिल जीतने का प्रयास कर रही हैं व नरेंद्र मोदी को पुनः भारत का प्रधानमंत्री बनाकर भारत वर्ष में भाजपा की सरकार बनाने हेतु लोगों के सामने मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताकर मतदान करने की अपील कर रही हैं।

उपस्थित ग्रामीणों ने भी दीपिका की बातें सुन कर कहा कि इस लड़की की बातों ने हमारा दिल जीत लिया है बहुत ही सरलता एवं सहजता से हम लोगों से मिल रही हैं हमारी समस्याओं को सुन रही है व आने वाले दिनों में उन्हें दूर करने का भरोसा भी दिलाया है। दीपिका ने कहा कि यहां की जनता के साथ भूपेश सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है मूलभूत सुविधा से इन्हें वंचित रखा है पर आने वाले समय में जैसे ही आचार संहिता हटेगी छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव के सामने इनकी समस्याओं को रखकर उनका निदान कराने की पूरी जिम्मेदारी से प्रयास करूँगी जनसम्पर्क में दीपिका के साथ मातृशक्ति एवं युवा मोर्चा की जिला पदाधिकारियों एवं मंडल की टीम जिस मे जिला महामंत्री थानसिंग निषाद ,जिला उपाध्यक्ष प्रतीक तिवारी , मण्डल अध्यक्ष गरियाबंद आनन्द ठाकुर ,महामंत्री राज डे , मण्डल महामंत्री जितेंद साहू छुरा,मण्डल उपाध्यक्ष बल्लार मरकाम ,योगेश ध्रुव,रूपेश यादव ,संजू साहू, हुलसी सोनवानी ,कैलाश नाग,प्रीति गनवीर, रेखा साहू उपस्थित रहें।

# ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आनंद पवार ने साप्ताहिक बाजार में किया जनसम्पर्क



**कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव आनंद पवार ने लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में मतदान करने की अपील**

**बस्ती में जाकर कांग्रेस की योजनाओं के बारे में दी जानकारी**

पायनियर संवाददाता ॱ धमतरी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव आनंद पवार ग्राम मुजगहन में कांग्रेस के महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मुजगहन के साप्ताहिक बाजार में जनसंपर्क किया। इसके बाद उन्होंने गांव की बस्ती में जाकर महिलाओं को कांग्रेस की महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के बारे में जानकारी दी, जिसके तहत महिलाओं को हर वर्ष एक लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे साथ ही उन्होंने युवाओं से मिलकर उन्हें कांग्रेस की अप्रेंटिसशिप योजना के बारे में भी जानकारी दी। जिसके तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को उनकी शिक्षा से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक लाख रुपये खर्च करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों को कांग्रेस के पाँच न्याय के बारे में भी जानकारी दी जिसमें किसान, महिला, मजदूर, युवा, हिस्सेदारी न्याय के बारे में विभिन्न योजनाओं का समावेश है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को लागू करने के लिए केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाना बेहद जरूरी है। यदि वर्तमान में उधोगपति और अमीरों के लिए काम करने वाली मोदी सरकार को नही बदला गया तो देश से लोकतंत्र समाप्त कर दिया जाएगा और यह बात हम नही कह रहे यह वाक्य भाजपा की वित्तमंत्री रही निर्मला सीतारमन के पति डॉक्टर परकला प्रभाकर ने कहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की है कि कांग्रेस के पक्ष के अपना वोट देकर लोकतांत्रिक सरकार बनाए और देश और उसके लोकतंत्र को बचाएं। जनसम्पर्क अभियान में सरपंच चंद्रशेखर साहू ,होमेश्वर साहू,बलराम साहू, ओमप्रकाश साहू , वेदराम साहू , रोशन ध्रुव , थानसिंग साहू , दीपक पटेल ,तुलसीराम साहू ,अजय साहू, राजेन्द्र साहू ,नोहर साहू , लखन साहू, कुलेश्वर साहू ,निक्कू आदि उपस्थित रहे।

# पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार तथा अध्यक्ष / जिला न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर व श्रीमती निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन पर अमोरा एवं बेरला रोड, कोबिया बेमेतरा में 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को पृथ्वी की सुन्दरता बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। अपने जीवन में प्रकृति से अनुकूल सीखें। अपनी आदतों में थोड़ा सा बदलाव करके हम प्रकृति को अनुकूल बना सकते है। पृथ्वी दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब हम पृथ्वी को अपना घर समझकर उसे संवारने का प्रय  करेंगे। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम हरियाली को बचाए तभी ओजोन परत को सुरक्षित रखा जा सकता है प्रकृति को बचाने का अर्थ है स्वंय को बचाना। उक्त शिविर पर लोगों से आग्रह किया कि अपने जन्मदिन पर पेड़ पौधे लगाए एवं अपने मित्रजनों को उपहार स्वरूप पौधे देने का प्रचलन शुरू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही नालसा व सालसा द्वारा संचालित कानूनी नियमों एवं निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान किया गया।

# मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर संदीपन की उपस्थिति रही

पायनियर संवाददाता ॱ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के सभागार में आज स्वीप सरगुजा अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर संदीपन की उपस्थिति रही। साथ ही श्री गिरीश गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी सरगुजा, श्री संजय सुरीला जिला आईकॉन स्वीप सरगुजा, एम सिद्दीकी जन शिक्षण संस्थान सरगुजा, श्री कमलेश गिरी तहसीलदार जी की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम में सभी समुदायों से महिलाओं एवं पुरुष वर्गों तथा अल्पसंख्यक मुस्लिम महिलाओं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कलेक्टर महोदय ने उपस्थित महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाया। साथ ही बताया कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र का एक मूलभूत पहलू है, जिसे हम सब को मिलकर सफल बनाना है। इसी तारतम्य मे संजय सुरीला ने बताया कि एक लोक तंत्र की सबसे पहली शर्त यही है कि वहां जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों का शासन हो । चुनाव निश्चित रूप से लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यह है क्योंकि; चुनाव यह सुनिश्चित करता है कि सरकार लोगों की, लोगों के द्वारा और लोगों के लिए है। इसी तारतम्य मे एम सिद्दीकी ने कहा कि मताधिकार चुनाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, चुनाव राजनीतिक भागीदारी के लिए एक सुंदर अवसर है। इसके अलावा, यह एक ऐसा तरीका है जिससे नए मुद्दों को जनता के सामने उठाया जा सकता है। आभार प्रकट करते हुए गिरीश गुप्ता ने कहा कि चुनाव राजनीतिक स्वतंत्रता का प्रतीक है। इसके बिना लोकतंत्र निश्चित रूप से अकार्यात्मक होगा। लोगों को चुनाव के महत्व को समझना चाहिए और बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आना चाहिए। साथ ही कार्यक्रम में श्री अशोक सिंह बी पी ओ साक्षरता सरगुजा, प्रीति तिवारी, महिमा तिर्की, शालिनी, रमेश यादव, सबीना खातून, रुक्मणी जैसवाल, अंजूमाला, शुभंकर विस्वास आदि सभी की उपस्थिति रहीं।

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव का पर्व

पायनियर संवाददाता ॱ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

**शहर में जगह जगह हुआ भंडारे का आयोजन**

जिले में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ शहर में चारों ओर जय श्री राम, जय हनुमान के उद्घोष गूंजते रहे। जगह-जगह हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। रेलवे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर, हनुमान टेकरी मंदिर, सिरौली स्थित हनुमान मंदिर, राष्ट्रीय राजमार्ग में सिद्धबाबा घाट में स्थित मंदिर में भगवान हनुमान जी के भव्य श्रृंगार के साथ ही भोग लगाया गया।

आपको बता दें की 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व पूरे शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पंडितों की देखरेख में श्रद्धालुओं ने हवन-कुंड में आहुतियां डालीं।

मनेन्द्रगढ़ शहर के वार्ड नं.12 सीएमओ बंगला के सामने स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में भी विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधिविधान से पूजा अर्चना और हवन के बाद दोपहर एक बजे से विशाल भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के लेकर हनुमान मित्र मंडली द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। सुबह सबसे पहले महाबली हनुमान की प्रतिमा को भव्यता के साथ सजाया गया। हवन के बाद भगवान हनुमान जी को भोग लगाकर भंडारा शुरू किया गया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी के साथ ही रायता का वितरण किया गया।

देर शाम तक लोगों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हनुमान मित्र मंडली के सौरभ गुप्ता, दिनेश द्विवेदी, अमित भोजवानी, शंकर रोचलानी, विनीत जायसवाल, कृष्णा वस्त्रकार, विजय पाठक, रामचंद्र जोशी, पंकजकांत दुबे के साथ काफी संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव के सुअवसर पर सामूहिक सुंदर-काण्ड पाठ का होगा आयोजन



**किरन्दुल।** नगर परिवार की सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगलकामनाएं हेतु विक्रम संवत 2081, चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तिथि को श्री हनुमान जी के प्राकट्य दिवस के पावन अवसर पर बैलाडीला देव स्थान समिति और गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में राघव मंदिर, बैलाडीला देवस्थान किरंदुल में मंगलवार को संध्या आरती के पश्चात रामायण मानस पाठ मंडली एवं अध्यात्मिक धार्मिक भजन जस मंडली और नगर परिवार के उपस्थित समस्त श्रद्वालु भक्तजनों के माध्यम से सामूहिक श्री रामचरितमानस सुंदर काण्ड का पाठ आयोजित किया गया हैं। राघव मंदिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ला द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ विशेष पूजा अर्चना की गई विशाल भंडारे का आयोजन





**किरन्दुल।** हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मंगलवार को नंदी पर्वत पर विराजे भगवान हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा का विशेष पूजा अर्चना किया गया साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सुंदर काण्ड एवं हवन किया गया।इस पावन अवसर पर बजरंगी सेवा संस्था की ओर से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया था, जिसमें नगर के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने इस भंडारे में सम्मिलित होकर आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया।

# किरन्दुल मे बंगीय समाज द्वारा की गई शीतला देवी की पूजा



**किरंदुल।** लौहनगरी किरन्दुल वार्ड क्रं 03 खुदीराम बोस वार्ड बंगाली कैम्प में मंगलवार को माता शीतला देवी की बंगीय समाज के भक्त गणों द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया गया।इस पूजा में नगर से सैकड़ो की संख्या में भक्त गण सम्मिलित होकर माता रानी की दर्शन किए।इस पावन अवसर पर भक्त जन सुबह से ही उपवास रहकर पूजा अर्चना कर देवी को पुष्पांजलि अर्पित किए।

# आम जनता की समस्याओं और दर्द को समझती है कांग्रेस : बलदेव दास

पायनियर संवाददाता ॱ चिरमिरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण के लिये प्रचार प्रसार तेज हो गया है। कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार के रुप में ज्योत्सना चरणदास महंत पर दोबारा अपने उम्मीदवार के रुप में भरोसा जताया है। कांग्रेस के चिरमिरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलदेव दास के नेतृत्व में आम जनता से मुलाकात कर कांग्रेस के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की बात कही गई। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा जनता से गारंटी के नाम पर केवल छलावा का कार्य किया है।

जिस प्रकार अपने कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ने जनता के साथ दमन और भ्रष्टाचार किया है उतना शायद अंग्रेजी हुकूमत के समय भी नहीं किया गया। आज जिस प्रकार से लगातार शासकीय संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है हो सकता है आने वाले समय में शासकीय नौकरियां समाप्त हो जाएंगी और देश अडानी और अम्बानी जैसे निजी कम्पनियों के हाथों में चले जायेगी। देश की जनता को भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा से जातिवाद के नाम पर बाटने का काम ही किया है। जनता के दुख तकलीफें से वर्तमान सरकार को कोई भी लेना देना नही है। जनता चाहे बेरोजगारी से मरे या भुखमरी से भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा अपने चहेतों को ही फायदा पहुंचाया है जबकि देश की जनता बेरोजगारी और मंहगाई की मार झेल रही है।

## महंगाई हुई अपने चरम पर जीएसटी के नाम पर लूट

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलदेव दास ने कहा कि जबसे भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है। देश में बेरोजगारी और मंहगाई अपने चरम पर पहुंच गई है। आज देश कृषि प्रधान होने के बाद भी किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। हर जगह जी.एस.टी. के नाम पर शिक्षा से लेकर चिकित्सा तक में जनता को लूटा जा रहा है। बैंक में मिनिमम बैलेंस के नाम पर कटौती की जा रही है जबकि एक गरीब परिवार बमुश्किल ही अपने खातों में बचत कर पाता है। अडानी अंबानी जैसे धनाढ्य पर सरकार द्वारा अनुदान पर अनुदान देकर और भी लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी ने इलेक्ट्राल बॉन्ड के नाम पर कमीशन खोरी का कार्य किया है।

## आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओ को नहीं मिल रहा सही वेतन

आज तक वर्तमान सरकार ने निचले स्तर पर कड़ी मेहनत का कार्य करने वाली आंगनबाड़ी ,मितानिन और मिड डे मील की माताओं और बहनों को सही वेतन नहीं दिया गया लेकिन कांग्रेस की सरकार ने हमेशा निचले स्तर के लोगो का विशेष खयाल रखा है और आने वाले समय में यदि सरकार बनती है तो सभी को दोगुना वेतन दिया जाएगा। इसी प्रकार से कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कई योजनाओं के माध्यम से युवा से लेकर मजदूर वर्ग तक का ध्यान रखा है।

## बूथ स्तर पर काम करेगी कांग्रेस

कांग्रेस ने हमेशा से ही देश की जनता के हितों का ख्याल रखा है और इस बार छत्तीसगढ में बूथ स्तर पर कार्य किया जायेगा और छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटों पर कांग्रेस आयेगी। कांग्रेस ने इसके लिए बूथ स्तर पर गारंटी योजना पर जोर दिया है जिसमें युवा न्याय योजना, नारी न्याय योजना, किसान न्याय योजना, श्रमिक न्याय योजना, हिस्सेदारी न्याय योजना पर कार्य करेंगी।

पुरे जनसमपर्क में चिरमिरी ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव दास , वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश कटकवार,भागवत साहू, सुरेंद्र साहू, प्रभास राय, मोतीलाल दास, शिव कुमार सोनवानी, उपस्थित रहें।

# हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर तालाब में की गई विशेष पूजा अर्चना




पायनियर संवाददाता ॱ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगर के तालाब पारा में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पवनपुत्र हनुमानजी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंगलवार नगरवासियों के मंगल कामना हेतु पूजा एवं हवन कार्य किया गया।जिसके बाद दोपहर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# विहिप, बजरंग दल ने हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

## सनातन राज्य के चक्रवर्ती सम्राट हमारे प्रभु श्री राम है उनके समूचे साम्राज्य के रक्षक हमारे प्रभु हनुमान जी हैं : दीपक ठाकुर

### जन्मोत्सव पर निकाली मनोरम झांकी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



22अप्रैल 2024 को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला धमतरी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन मन्दिर प्रांगण पुरानी मंडी से शाम 6 बजे आरम्भ हुआ जिसमें मनोरम झांकी श्री राम परिकर एवं हनुमान जी की रही। रात्रि 8 बजे झांकी नगर घडी चौक पहुंची जहां पर हनुमान जी की आरती दीपक लखोटिया,मोहन साहू, सुबोध राठी एवं पदाधिकारी यो द्वारा सम्पन्न हुई । इसके उपरांत मातृ शक्ति और दुर्गावाहिनी के पदाधिकारियों का आगमन हुआ और झांकी सौहार्दपूर्ण ढंग से श्री राम और बजरंग बली के जयकरों के साथ गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए रात 10 बजे मा विंध्यवासिनी के मंदिर पहुंची जहाँ पर भोग प्रसाद वितरण करके शोभा यात्रा पूर्ण हुई। जिला अध्यक्ष सन्दीप अग्रवाल ने सभी क्षेत्र वासियों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। जिला मंत्री रामचन्द्र देवांगन ने कार्यकर्ताओं को सौहार्दपूर्ण शोभा यात्रा संचालन पर धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा सनातन राज्य के चक्रवर्ती सम्राट हमारे प्रभु श्री राम है उनके समूचे साम्राज्य के रक्षक हमारे प्रभु हनुमान जी हैं, इसी प्रकार हमारे भारतवर्ष के रक्षक प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर मोदी हैं उनके नगर आगमन पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल परिवार की ओर से सभी क्षेत्र वासीयों को अधिक से अधिक संख्या में उनके स्वागत हेतु आह्वान किया गया। इस अवसर पर ,प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहन साहू,प्रांत गौ रक्षा प्रमुख सुबोध राठी, प्रांत सह अर्चक पुरोहित उत्तम वर्मा, जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिलामंत्री रामचंद देवांगन,ज़िला सह मंत्री राजेंद्र साहू,जिला प्रचार प्रमुख योगेन्द्र साहू,जिला सह संयोजक डाकेश्वर साहू,जिला सह संयोजक प्रिन्स जैन,सह संयोजक रजनीकांत देवांगन,सह संयोजक ओमप्रकाश साहू ,जिला सेवा प्रमुख मुरलीधर जगत ,जिला समरसता प्रमुख तामेश्वर ठाकुर, जिला सत्संग प्रमुख अनिरूद्ध पटेल,मातृ शक्ति संयोजिका टिकेश्वरी साहू,प्रखण्ड अध्यक्ष गौरव जैन,प्रखण्ड मंत्री दिलिप साह,प्रखंड मंत्री दीपक सोनी,प्रखण्ड मंत्री रवि कुमार साहू, प्रखण्ड संयोजक छत्रपाल साहू,प्रखण्ड सह संयोजक सत्यम सिन्हा, प्रखण्ड सत्संग प्रमुख राहुल मेश्राम, प्रखण्ड गौ रक्षा प्रमुख गणेश सिन्हा, प्रखण्ड सत्संग प्रमुख, इंद्र कुमार निखिल, नगर अध्यक्ष कैलाश बकतानी, नगर कार्याध्यक्ष पीयूष पारख, नगर संयोजक चित्रेश साहू, नगर सह संयोजक आयुष पात्रे, नगर सह संयोजक प्रेम राव नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख ,नेश देवांगन खण्ड संयोजक डिकेश साहू, खण्ड अध्यक्ष नेमचंद साहू खण्ड संयोजकए तुषार साहू,पुलकित साहू, एकनाथ साहू , घनानंद निषाद,पुरषोत्तम निषाद, गौरव गोयल मानव यादव,जितेंद्र देवांगन, बबली सोनी, झरना, साकेत यादव,गौरव मगर,नंदू जसवानी, प्रतीक सुंदरानी, डिकेश साहू , तोषण साहू, हिमांशु साहू, धनराज यादव के साथ सभी बजरंगी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मां मौली के दरबार से भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शुरुआत की जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मां मौली के दरबार से भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शुरुआत की जनसंपर्क बलौदा बाजार रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता जनसंपर्क के लिए निकले सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ता पुरानी बस्ती स्थित माता मौली के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर जनसंपर्क अभियान पर निकले घर-घर जाकर अपने उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल के लिए वोट मांगते और मोदी जी की सरकार बनाने की अपील करते दिखे इस जनसंपर्क में बड़ी संख्या में सैकड़ो की तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहे इस अभियान में भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र टिकरिह शहर मंडल के अध्यक्ष संकेत शुक्ला जिला के उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी खोडस राम कश्यप प्रमोद शर्मा संतोष पटेल कृष्णा सेन मणिकांत मिश्रा आदित्य बाजपेई राहुल सोनी पार्षद रिटा केसरवानी पार्षद मनजीत कौर संतोष शर्मा सरिता मार्के सबा अली खान शिव नरेश मिश्रा योगेश अग्रवाल कृष्णा रोहित साहू धनीराम मार्केट जितेंद्र महले सुध राम पटेल अक्षर अग्रवाल अमितेश नेताम संजय श्रीवास कृष्ण कुमार पांडे राजू सलूजा नरसिंह वर्मा गिरवर वैष्णव भूपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लेते दिखे।

# मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला की गई आयोजित



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में छात्र.छात्राओं और शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल बठेना में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, भावनाओं की अभिव्यक्ति तथा किशोरों में होने वाली मानसिक समस्याओं एवं उनके उपाय के बारे में विभिन्न खेल गतिविधियों के जरिए समझाया गया। इस अवसर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव, कल्पना ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी जांगंडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके मंडल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिया कंवर, एनसीडी कंसलटेंट श्रीकांत चंद्राकर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ रचना पदमवार, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक सहित योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कमिशिनंग कार्य का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने स्थानीय भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में चल रहे कमिश्निंग कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टोरेट स्थित सी विजिल, शिकायत शाखा और वीडियो मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से दूरभाष पर चर्चा कर शिकायत और उसके निराकरण की जानकारी ली। साथ ही प्रेक्षक अग्रवाल ने एफएसटी दल के अधिकारी, कर्मचारियों से भी दूरभाष पर चर्चा कर उनके लोकेशन की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी.आर.मरकाम, नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# राज्य से बाहर गए ग्रामीण मतदाताओं को रिझाने जिला प्रशासन चला रहे है 'घर आजा संगी अभियान'

## रोजगार सहायक,सचिव एवं अन्य कर्मचारियों के जरियें वीडियो कॉल करके ग्रामीणों को कर रहे है मतदान हेतु आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल चौहान के निर्देश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य से बाहर गए मजदूरों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए 'घर आजा संगी अभियान' की शुरूआत की गई है। जिसके तहत गांव-गांव की सचिव, रोजगार सहायक ऐसे व्यक्तियों को चिन्हाकित कर समान्य कॉल एवं वीडियों कॉल करके मतदान हेतु सादर आमंत्रित कर रहे है। जिला प्रशासन का अपील की जा रही है कि ग्रामीण अपने घर आकर 7 मई 2024 को मतदान करने अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाए और लोकतंत्र के इस महान पर्व में अपनाया भागीदारी निभाएं। कलेक्टर चौहान ने जिलेवासियों से अपील करते हुए ग्रामीणों से कहा कि जो भी अच्छे मजदूरी की तलाश में बाहर राज्य गए और उनका यदि उस राज्य के मतदाता सूची में नहीं है तो वह अपने गृह राज्य आकर मतदान में अवश्य भाग लेवें इसके साथ ही घर परिवार, आस-पड़ोस और अपने से जुड़े सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। गौरतलब है कि लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# मतदाता जागरूकता का संदेश देते दिव्यांगजनों ने बनाई आकर्षक पेंटिंग्स

## दो दिवसीय पेंटिंग प्रदर्शनी का हुआ आज समापन, सीईओ जिला पंचायत ने दिलाई मतदान की शपथ





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जनसामान्य के मध्य मतदाता जागरूकता लाने के उददेश्य से स्थानीय मकई गार्डन में श्रवण बाधित, अस्थि बाधित तथा मानसिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई ड्राईग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। दो दिवसीय इस पेंटिग प्रदर्शनी में अस्थिबाधित एवं मूकबधिर दिव्यांग चित्रकार गौकरण पाटिल के द्वारा अपने पैरों से मतदाता जागरूकता संबंधी पेंटिंग बनाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी तथा अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा दिव्यांग चित्रकार गौकरण पाटिल को शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी के मूकबधिर छात्राओं, सार्थक, गौरीशंकर श्रीवास्तव सेवा समिति धमतरी के मानसिक दिव्यांग बच्चे तथा एक्जेक्ट फाउंडेशन दिव्यांग आवासीय विद्यालय रूद्री के मूकबधिर छात्र द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपस्थितों को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अखिलेश तिवारी, अधीक्षक शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय सहित मान्यता प्राप्त संस्थाओं के अन्य अधिकारीए कर्मचारी, बडी संख्या में धमतरी शहर और आसपास के लोगों ने पेंटिग्स का अवलोकन किया।

# धूमधाम से बनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



**हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ**

शहर के बजरंग चौक स्थित श्री महावीर बजरंग मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया गया उसके पश्चात महा अभिषेक आरती हवन के बाद 56 भोग चढ़ाया गया

हर वर्ष चैत मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है इस बार भी पूर्णिमा 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया बलौदा जिले में महावीर मंदिर बजरंग चौक स्थित हनुमान जयंती विधि विधान के साथ मनाई गई जयंती को लेकर एक दिन पहले मंदिर में पूर्ण तैयारी कर ली गई थी मंदिर में प्रातः 11:00 बजे भगवान महादेव व हनुमान जी का महा अभिषेक किया गया उसके बाद हवन और छप्पन भोग किया गया महाप्रसाद का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया सुबह मंदिर में हनुमान चालीसा सुंदरकांड का पाठ दिनभर चलता रहा सुबह श्रद्धालु द्वारा हनुमान जी को तेल सिंदूर लेप ध्वज दान रोट का प्रसाद अर्पण कर पूजा अर्चना की वही भगवान विष्णु के उपासक सत्यनारायण भगवान की कथा पूजन भी किया गया। गौरव पर स्थित दशहरा मैदान के पास स्थित शनि मंदिर में सुबह हनुमान चालीसा का पाठ एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया विधि विधान हवन किया गया उसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया गांधी चौक में दुर्गा से समिति द्वारा चने का प्रसाद वितरण किया गया महामाया मंदिर हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन किया गया था मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया था बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में भगवान हनुमान के दर्शन किए।

# गरियाबंद के जनपद कार्यालय से बस स्टैंड तक रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक




पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लिए कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज नगर पालिका परिषद गरियाबंद में मतदाता जागरूकता के तहत मतदाता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने लोगों को मतदाता संकल्प भी दिलाया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए सब्जी मार्केट, मस्जिद चौक से वापस तिरंगा चौक होकर बस स्टैंड तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के दुकानों में जाकर लोगों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने की अपील की गई। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान दिवस में अपने मतदान केंद्र जाकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा अपने हाथों में ÷लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है÷ आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत ÷सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन के द्वारा रैली निकाला गया।

# तहत मतदान 26 अप्रैल को

## एलईडी स्क्रीन,सिनेमाघर और पेम्पलेट के जरिये में किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा सिहावा के लिए आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में शत.प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने नित नये कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत नगरी ब्लॉक के ऐसे श्रमिक,जो दूसरे जिले में कार्य कर रहे हैंए उन्हे उनके परिजन फोन के माध्यम से सूचति कर रहे है कि 26 अप्रैल को मतदान है और इस मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने जरूर आयें। इसी तरह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जिलेवासियों से 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। मतदान की अपील करते हुए वीडियो का प्रदर्शन धमतरी शहर के घडी चैक स्थित एलईडी में किया जा रहा है। वहीं जिले में सिनेमाघरों में भी फिल्म प्रारंभ होने के पूर्व मतदाता जागरूकता गतिविधियों की लघुफिल्म दिखाकर मतदान की अपील लगातार की जा रही है। गौरतलब है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिले में आयोजित विभिन्न त्यौहारों मे स्वीप रंगोली सजायी गईए वहीं कलश यात्रा के दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी नारा लगाकर लोगों को मतदान करने प्रेरित किया गया। इसी तरह मनरेगा और राईस मिल सहित विभिन्न मिलों में कार्य करने वाले मजदूर अपने.अपने कार्यस्थल पर मतदान करने की शपथ ले रहे हैंए तो स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाडी कार्यकर्ता.सहायिकाओं ने दीवार लेखन, रैली, पोषण संबंधी फलए सब्जियों से स्वीप सलाद सजाकरए विभिन्न सामाजिक सम्मेलनों में समाज प्रमुखों द्वारा मतदान की शपथ दिलाकर जिलेवासियों को मतदान करने प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# बरसते पानी के बीच शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर के नेतृत्व में निकाली गई टार्च रैली



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में टार्च रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 2 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी के साथ बरसते पानी के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। इस रैली में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार से संबधित महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिला, दिव्यांग महिला, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली अंबेडकर पहुंचने पर कलेक्टर चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने चौहान ने कहा किऐसे तो गर्मी का मौसम है फिर भी यदि ऐसे 7 मई को यदि बरसात भी हो तो भी हमें मतदान करना है। इसी संदेश को लेकर आज हमने टार्च रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। उक्त टॉर्च रैली जिला मुख्यालय में गार्डन चौक,से प्रारंभ होकर,बस स्टैंड, दशहरा मैदान होते हुए अंबेडकर चौक में समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुदिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, तहसीलदार राजू पटेल,जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई,अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



भगवान श्री राम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव नगर सहित अंचल क्षेत्रों में इस साल धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान भक्त हनुमान मंदिरों में श्री राम चरित मानस पाठ, सुन्दर कांड पाठ, हनुमान चालीसा का वाचन कर मनवांछित फलों की कामना की गई।वन विभाग परिसर में स्थित दक्षिण मुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में बार भक्तों ने झालर लाइटिंग, फूलों की माला से भव्य सजावट किया गया है। आज हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह 4 बजे से कपाट भक्तों लिए खोल दिए गए। इस दौरान सुबह भगवान को पंचामृत से अभिषेक के पश्चात सिंदूर लेप और भगवा रंग के चमचमाती पोशाक, फूलों की माला एवं आभूषणों से श्रृंगार किया गया। उसके बाद विधि विधान से पूजन हवन संपन्न किए गए। भगवान के समक्ष 56 भोग का प्रसाद भी अर्पित किया गया जिसमें कई प्रकार के व्यंजनों को शामिल किया गया है। नगर सहित अंचल के मंदिरो में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, राम भक्त हनुमान, राम भगवान पर आधारित भजनों के साथ अनेक आयोजन भी किये गए। जगह जगह प्रसाद के रूप में फल, चना, खिचड़ी, पुड़ी सब्जी, हलवा, शरबत का वितरण किया गया। वहीं मंदिरों में महा आरती के पश्चात ब्राह्मण भोज कर सभी श्रद्धालुओं को महा भंडारे का भोग वितरित किया गया। जिसमें भक्तों द्वारा बड़ी संख्या भगवान का भोग प्रसाद ग्रहण किया गया।

# मतदान प्रशिक्षण के अंतिम चरण में शामिल हुए 3860 मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारी





पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदाताओं द्वारा वोट डाले जायेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सु नम्रता गांधी के निर्देश पर आज पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 का तीसरे चरण का प्रशिक्षण स्थानीय सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाता पर्ची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, एएसडी सूची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, ईवीएम को जोड़ना, मॉक पोल, सील करने की सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट को सील करना सहित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, मतदान अधिकारी क्रमांक-2 और मतदान अधिकारी क्रमांक-3 के दायित्वों की जानकारी बारिकी से दी गई। इसके अलावा प्रशिक्षण में मतदाताओं के हाथ में अमिट स्याही लगाने, मतदाता के हस्ताक्षर लेने अथवा अंगूठा लगवाने सहित प्रारूप 17-ख, मतदान के दौरान निर्मित विशेष परिस्थितियों, अभ्याक्षेपित मत, सेवीवर्गीय मतदाता, प्रतिनिधि मतदाता, डाक मतपत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतांकन, मतदान न करने का निर्णय, मतदान कक्ष में कौन-कौन प्रवेश नहीं करेगा, आयु के बारे में घोषणा, अभिकर्ताओं को दिए जाने वाले अभिलेख, वेबकॉस्टिंग व्यवस्था, रिकॉर्ड किए गए मतों का लेख और संग्रहण टीम की भूमिका इत्यादि की भी जानकारी दी गई। गौरतलब है कि सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के तहत विधानसभा सिहावा के मतदान दलों के कुल 3860 अधिकारी, कर्मचारियों को 70 मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इनमें मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मतदान दल के 1408 और सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में 2452 अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

# मतदान सामग्री वितरण और संग्रहित करते समय धैर्य के साथ शिष्टापूर्वक व्यवहार करते हुए मतदान दल से सामग्री प्राप्त करें : कलेक्टर शर्मा

- निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के सुगम संचालन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनज़र आज सोमवार को शासकीय पी.जी. महाविद्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा की उपस्थिति में बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लगभग 300 सामग्री वितरण एवं संग्रहण दल के अधिकारियों व कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्राम्भिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई एवं सर्व एसडीएम उपस्थित थे। कलेक्टर शर्मा ने प्रशिक्षण ले रहे सभी कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक महत्वपूर्ण कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होने बताया कि सामग्री वितरण के लिए सभी काउंटर प्रभारियों को वितरण रजिस्टर दिया जायेगा जिसमें मतदान दल को वितरित सामग्री को दर्ज की जावेगी। वितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं मतदान सामग्री उसी केन्द्र की हो, जिसके लिए वह निर्धारित है। उन्होने संग्रहण अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान सामग्री को संग्रहित करते समय धैर्य के साथ शिष्टापूर्वक व्यवहार करते हुए मतदान दल से सामग्री प्राप्त करें, उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए 7 उन्होने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। पी.जी. कॉलेज में अलग-अलग कमरों में तक़रीबन 300 सामग्री वितरण एवं संग्रहण दल के अधिकारियों व कर्मचारियों 6 ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सर्व डी आर साहू, सहायक प्राध्यापक, जितेन्द्र बारले, सहायक प्राध्यापक, बी एस सिंह, व्याख्याता, सुनील कुमार झा, व्याख्याता, के आर निषाद, व्याख्याता, मनोज कुमार वर्मा, व्याख्याता और गजानंद शर्मा, व्याख्याता ने मतदान सामग्री वितरण करने वाले ड्यूटी स्टाफ को सामान देने व मतदान के बाद सामान जमा करते समय ध्यान रखने वाली बातों को विस्तार से समझाया ।

# राम भक्तों ने श्रद्धा भाव से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




हर वर्ष चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है।धार्मिक ग्रंथों के अनुसार,बजरंगबली बहुत बलवान और निडर है।
उनके समक्ष कोई भी शक्ति टिक नहीं पाती है। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद अटूट विश्वास और भक्ति के बारे में सोचने पर सबसे पहले भगवान हनुमान याद आते हैं। उन्हें मारुति नंदन अंजनी पुत्र पवन पुत्र केसरी नंदन जैसे कई नामों से जाना जाता है। हनुमान जन्म महोत्सव के अवसर पर नगर के मध्य वार्ड क्रमांक 11 में स्थित सुप्रसिद्ध प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान मंडली के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित हनुमान भक्तों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रातः 8:00 बजे पूजा अर्चना उपरांत सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया। पाठ समाप्ति के बाद हवन आरती कर उपस्थित राम भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार के दिन हनुमान जन्म महोत्सव पढ़ने के कारण उत्साहित भक्तों ने अपने घरों से लेकर मंदिर तक जमकर भक्ति भाव की एवं संकट मोचन का आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में हनुमान मंडली के राम लखन केसरी, प्रताप राम गुप्ता, सतनारायण गोड़, माधव मिस्त्री, दिलीप कुमार केसरी, अरुण कुमार केसरी, अजय कुमार केसरी, अजय कुमार तुती, पुजारी धनंजय मिश्रा, एस पी निगम, अजय सोनी, निशु केसरी,प्रमोद मिश्रा,अमित गुप्ता सहित भारी संख्या में राम भक्त उपस्थित हुए। वहीं मुख्य यजमान के रूप में धर्म प्रकाश केशरी अपने पत्नी संग शुरू से लेकर अंत तक पूजा पाठ आदि कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

# देवठाना में दोनों नवरात्रों में जलती है अखण्ड ज्योत, देवी श्रृंगार कर महुआ आम तेंदू चिरौंजी मड़िया फल का लगता है भोग

पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



बसना अंचल के प्राचीन नाम फुलझर राज्य की राजधानी बस्तीपाली जो विख्यात बुढ़ाडोंगर पर्वत श्रृंखला के सुरम्य वनाच्छादित तलहटी पर बसा ग्राम है जहां गोंडवाना सूर्यवंशी जगत राजवंश के प्राचीनकालीन कुलदेवी मां इक्कीसो बहिनियां देवी देवठाना स्थित है । इस पवित्र देवठाना में प्रतिवर्ष शारदीय आश्विन और वासंतीय चैत्र दोनों नवरात्रों में अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित किया जाता है। चैत्र माह के स्नान दान व्रत पूर्णिमा तिथि को गोंडवाना रीति नीति गोंडी धर्म संस्कृति रूढ़ीजन्य परम्परानुसार चैतराई पर्व पर यज्ञमान बइगा पंडा पुजारियों और श्रद्धालु माता भक्तजनों द्वारा भगवान बुढ़ादेव मां इक्कीसों बहिनियां माताओं का सर्व देवा- देवी देवाव्हान मंत्र जाप महाआरती विश्व कल्याण सुख समृद्धि धन-धान्य के लिए हवन पूर्णाहुति इक्कीस नवकन्याओं का माता देवी श्रृंगार कर प्रकृति प्रदत्त महुआ आम तेंदू चिरौंजी मड़िया फल भोग अर्पित कर महाप्रसाद वितरण मनोकामना व्रत का समापन किया गया। इस पवित्र अवसर पर मुख्य यज्ञमान अमृतलाल जगत नोविना जगत दौलतराम जगत निरूपा जगत राजेन्द्र सिंह सिदार बइगा भूमका रामलाल बाघ पुजारी विदेशी यादव सुदेशी यादव अक्षय दास वैष्णव बिहारीलाल खम्हारी दुर्योधन बारिक उत्तर सिदार रामप्रसाद सिदार दिनेश यादव बबलू यादव सहित कई माता भक्त महिला पुरुष पुण्य सेवा के सहयोग से बस्तीपाली में देवी चैतराई माता पर्व सफल सम्पन्न हुआ।

# लांयस क्लब के छठवीं बार अध्यक्ष बने सुरेन्द्र छाबड़ा, ताम्रकार सचिन, शत्रुघ्न कोषाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दी इन्टरनेशनल एसोसिएशंस ऑफ लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट 3233- सी के लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी (136320 ) के नये सत्र 2024-2025 के पदाधिकारियों के निर्वाचन के संदर्भ में 22 अप्रैल 2024 को लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के कार्यलय बैठक आयोजित किया गया। इस सत्र के डिस्ट्रिक्ट 3233- सी (मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़) के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुधीर जैन हैं। मेल्विन जोन्स के फोटो पर माल्यार्पण कर, राष्ट्रध्वज की वंदना और राष्ट्रगान करने के बाद बैठक की कार्यवाही आरम्भ किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एमजेएफ लायन सुरेंद्र छाबड़ा को छठवीं बार लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के अध्यक्ष निर्वाचित गया। साथ ही लायन डॉ विनय ताम्रकार को सचिव लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी और कोषाध्यक्ष लायन शत्रुघ्न साहू को पुनःनिर्वाचित किया गया। लायन केशव मोटवानी को बोओडी मेंबर के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सभा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दिया गया। इस अवसर पर लायन सुरेन्द्र छाबड़ा, ला डॉ विनय ताम्रकार, ला शत्रुहन सिंह साहू , ला घनश्याम अग्रवाल, लायन लूनकरण गांधी ,लायन लालचंद मोटवानी, लायन दीपक हिरानी, लायन श्याम सिंह, लायन दिनेश कुमार पटेल, लायन केशव मोटवानी, ला रश्मि ताम्रकार, ला ताराचन्द माहेश्वरी, ला कोमलचंद जैन, ला घासीराम वर्मा, ला पोषण सिंह ठाकुर, ला प्रकाश शीतलानी, ला लाल चन्द संतवानी उपस्थित थे।

# निरंतर सुखी रहना मानव का लक्ष्य : श्रवण कुमार

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में चेतना विकास मूल्य शिक्षा शिविर का समापन हुआ। यह छः दिवसीय शिविर बीएड, डिग्री एवं आईटीआई के विद्यार्थियों हेतु आयोजित था। इस शिविर में मानव के जीने के पांचो आयाम के ऊपर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं मानव में व्यवस्था, परिवार में व्यवस्था, समाज में व्यवस्था, प्रकृति में व्यवस्था, अस्तित्व में व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। समापन अवसर पर उपस्थित, जिले के कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए व शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए एवं युवाओं के पास जो एनर्जी है उसे व्यवस्थित दिशा में लगाना चाहिए ताकि समाज एवं राष्ट्र का निर्माण हो सके। इसके साथ-साथ शिक्षक को समझदार होने की बात कही। वहीं जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी दार्शनिकों ने अपने अंदर झांकने के बाद समाज को एक दर्शन दिया जब तक हम अपने अंदर नहीं झांकेंगे तब तक हम उस सत्य का साक्षात्कार नहीं कर पाएंगे। जब तक सत्य स्पष्ट नहीं होगा हम समझ में परिवार में समझदारी पूर्वक जी नहीं पाएंगे द्य मानवतीर्थ संस्थान किरीतपुर से आये डॉ. साधन भट्टाचार्य जी ने बताया कि आज का युवा ऊर्जा से भरा हुआ है, केवल दिनचर्या का व्यवस्थित होना आवश्यक है जिसके लिए स्वास्थ्य का उत्तम होना जरूरी है तभी जीवन का आनंद लिया जा सकता है। उन्होंने दर्शन के प्रणेता श्रद्धेय ए. नागराज जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। इस दर्शन में सभी मानव के सुखपूर्वक जीने के बात स्पष्ट है। इसके समापन के अवसर पर शिविरार्थियों द्वारा अपने अनुभव व्यक्त किए गए द्य इसी क्रम में बीएड के छात्राध्यापिका रेवती साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया मैंने खुद को जांचने का काम किया है तो मैने पाया कि मैं और शरीर संयुक्त साकार रूप हूं।

# गरियाबंद के जनपद कार्यालय से बस स्टैंड तक रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

- नगर के दुकानों में जाकर मतदाता संकल्प बैंड बांधकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद गरियाबंद में मतदाता जागरूकता के तहत मतदाता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ मती रीता यादव ने लोगों को मतदाता संकल्प भी दिलाया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए सब्जी मार्केट, मस्जिद चौक से वापस तिरंगा चौक होकर बस स्टैंड तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के दुकानों में जाकर लोगों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने की अपील की गई। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान दिवस में अपने मतदान केंद्र जाकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई।
मतदाता जागरूकता अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा अपने हाथों में लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन के द्वारा रैली निकाला गया।

# चुनाव से पहले मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर सेक्टर अधिकारी सुनिश्चित करें सभी तैयारियां

- सीईओ जिला पंचायत ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी एवं कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रोमा वास्तव ने सेक्टर अधिकारियो की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, सेक्टर अधिकारी सभी तैयारियां सुनिश्चित कर लें। उन्होने कहा कि सेक्टर अधिकारियों को आबंटित मतदान केन्द्रो में बुनियादी सुविधाओं-बिजली, पानी, शौचालय, रेम्प, छाया, नेट कनेक्टिविटी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से यह भी कहा कि मतदान दिवस को की जाने वाली सभी रिपोर्टिंग समय पर करें। उन्हे यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नही होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियो को अधिकृत वाहनो से ही ईवीएम मशीन ले जाने, मतदान दलो की सहायता, मतदान प्रतिशत की जानकारी भेजने, मतदान के बाद मतदान सामग्री जमा कराने, मतदाताओं के बीच ईवीएम एवं वीवीपेट के बारे में जागरूक करने, चयनित मतदान केन्द्रो में वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील मतदान केन्द्रो में विशेष सतर्कता बरतने सहित उनके संपूर्ण दायित्वो के बारे विस्तार से समझाईश दी गई।

## लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने निकाली गई रैली

# मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर नम्रता गांधी सहित जिले की महिलाओं ने चलाई स्कूटी






पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्कूटी चलाकर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने निकलीं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में अनेक स्वीप गतिविधियां जैसे स्वीप रंगोली, कलश यात्रा, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, पेंटिंग, मेहंदी सजाने सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने स्कूल रैली निकाली गई, जिसकी नेतृत्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने किया। कलेक्टोरेट परिसर से निकाली गई मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली अम्बेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर के पास सम्पन्न हुई। रैली के साथ ही साथ महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है, जिला धमतरी वोट सर्वोपरी, प्रजातंत्र की है पहचान, उंगली पर हो एक निशान, सशक्त लोकतंत्र में पहचान, सशक्त नारी, शत-प्रतिशत मतदान का भी नारा लगाया। इस मौके पर कलेक्टर सु गांधी ने जिलेवासियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। रैली में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभागजगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी चित्ररेखा यादव, शैलेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को किया जा रहा प्रोत्साहित

## मजबूत लोकतंत्र में महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

देश के मजबूत लोकतंत्र की नींव मतदाता होते है। क्योंकि मतदाता ही अपने अधिकार का उपयोग कर एक मजबूत नेतृत्व तैयार करते है। देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जितना योगदान पुरूषों का होता है, उतना ही योगदान महिलाओं का भी हो होता है। मजबूत लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यदि महिलाएं जागरूक हो तो वह स्वयं को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी, साथ ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान केन्द्र तक पहुंचाने का माद्दा रखती है। हम महिलाओं की स्थिति का आंकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिती में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है. इन बदलावों का ही परिणाम है कि देश में महिलाओं का योगदान भारतीय राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है, जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए महिलाओं ने सशक्त लोकतंत्र की पहचान, सशक्त नारी शत-प्रतिशत मतदान, मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट की कीमत कभी न लेंगे।

# नए कानून
## अच्छी शुरुआत

**भारत के प्रधान न्यायाधीश**-सीजेआई ने उम्मीद जताई है कि नए अपराध न्याय कानून सालों से लंबित मामले तेजी से निपटाने में सहायक सिद्ध होंगे। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ ने नए अपराध न्याय कानून लागू करने की प्रशंसा करते हुए इसे देश की न्यायपालिका के लिए उल्लेखनीय अवसर बताया है। न्यायपालिका देश के कानूनी परिदृश्य को स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। ऐसे में सीजेआई द्वारा नए कानूनों पर सहमति इन विधायी उपायों के भारतीय समाज पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण प्रभावों की पुष्टि करती है। अपराध न्याय कानूनों में हालिया संशोधनों से अपराध, दंड व पुनर्वास संबंधी विधिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन होगा। सुनवाई जल्दी करने, पीड़ित की सुरक्षा बढ़ाने तथा सभी संबंधित पक्षों के साथ न्यायोचित व्यवहार सुनिश्चित करने पर केन्द्रित ये कानून आदिमकालीन व्यवहारों से पूर्ण अलगाव हैं। इनसे ज्यादा समतापूर्ण व सक्षम ढांचा सुनिश्चित होता है। नए कानूनों का एक प्रमुख पक्ष मामलों की तेजी से सुनवाई है। 'देर में न्याय' भारत में लंबे समय से चिन्ता का विषय रहा है जिसके चलते मामले सालों तक अदालतों में लंबित रहते हैं। कभी-कभी सुनवाई की प्रतीक्षा में लोग दोषी पाए जाने और सजा मिलने की तुलना में जेल में ज्यादा समय बंद रहते हैं। यह स्थिति यदि दशकों नहीं तो भी सालों तक खिंच सकती है। दिसंबर, 2022 में भारतीय जेलों में 4,34,302 विचाराधीन कैदी थे जो जेलों में बंदियों की कुल संख्या का 75.8 प्रतिशत है।

नए अपराध न्याय कानून इस स्थिति को ठीक कर सकते हैं। प्रक्रियाओं को गतिशील बना कर तथा सुनवाई के लिए कठोर समयसीमा निर्धारित कर ये संशोधन समस्या से निपटने का प्रयास कर यह सुनिश्चित करेंगे कि न्याय तेजी से और सबकी पहुंच में हो। पीड़ितों की सुरक्षा पर जोर देना एक महत्वपूर्ण कदम है। अक्सर अपराध के शिकार लोग कानूनी प्रक्रिया में स्वयं को हाशियाकृत पाते हैं जिससे उनको उत्पीड़न, अपमान तथा लंबे समय तक आघात का सामना करना पड़ता है। नए कानूनों में उनके अधिकारों की सुरक्षा के प्राविधान हैं जिसमें विधिक सहायता प्रदान करना, कौंसिलिंग सेवायें देना तथा गरिमा व दृढ़ता के साथ न्यायिक व्यवस्था में अन्य सहायता शामिल है। इसके साथ ही सुधारों में 'कानून के समक्ष समानता' का सिद्धान्त रेखांकित किया गया है। इसके अंतर्गत सभी लोगों के प्रति न्यायोचित व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा, भले ही उनका सामाजिक दर्जा व पृष्ठभूमि कोई भी हो। पारदर्शिता, जवाबदेही व समुचित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कर ये संशोधन विधि व्यवस्था में जनता का विश्वास पैदा करना चाहते हैं। सीजेआई ने उचित ही इन विधायी संशोधनों की परिवर्तनकारी क्षमताओं पर जोर दिया है। इससे वे ज्यादा न्यायोचित व समतापूर्ण समाज बनाने में सहयोग कर सकेंगे। हालांकि, ये कानून लागू करना महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर उनकी सफलता अंततः उनके क्रियान्वयन पर निर्भर है। प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों का उपयुक्त आबंटन तथा निरंतर निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि व्यवहार में लक्षित उद्देश्य प्राप्त किया जाए। हालांकि, वर्तमान विसंगतियां ठीक करने के लिए शुरुआत हुई है, पर समतापूर्ण अपराध न्याय की ओर यात्रा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें लगातार मूल्यांकन व सुधार जरूरी है। सामाजिक परिवर्तनों के साथ नई चुनौतियां उभरती हैं। अतः निरंतर परिवर्तन को स्वीकारने तथा उसके प्रति जिम्मेदारी प्रदर्शित करने की जरूरत है। इससे विधिक व्यवस्था की प्रभावशीलता तथा उसमें न्याय की भावना मजबूत होगी।



# मुफ्त बिजली के हानिकारक नतीजे

सबको बिजली सप्लाई तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा कर्ज से बचने के बीच विरोधाभास बना हुआ है। इससे निपटने के लिए नीतिगत परिवर्तन तथा ऊर्जा क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**केन्द्रीय ऊर्जा** मंत्री आर.के. सिंह ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया कि वे राज्यों से लगातार कहते रहे हैं कि बिजली मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा, 'यदि कोई राज्य उपभोक्ताओं की किसी श्रेणी को मुफ्त बिजली देना चाहे तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उसे इसके लिए भुगतान करना होगा।' आर.के. सिंह का यह कथन वर्तमान परिदृश्य में महत्वपूर्ण है जब अनेक राज्य कुछ उपभोक्ताओं मुफ्त बिजली देने की घोषणायें कर रहे हैं जिससे बिजली वितरण कंपनियों या डिस्काम की जीवन्तता प्रभावित होती है। वे बिजली पैदा करने वाली कंपनियों या जेन्कोस से बिजली खरीद कर उसे उपभोक्ताओं को सप्लाई करती हैं।

मंत्री का तर्क है, 'किसी भी अन्य वस्तु की तरह बिजली उत्पादन तथा उसके वितरण पर खर्च होता है और यदि कोई राज्य उपभोक्ताओं की किसी श्रेणी को मुफ्त बिजली देता है तो उसे जेन्कोस को भुगतान करना चाहिए। यदि जेन्कोस को भुगतान नहीं मिलता है तो बिजली का उत्पादन ही नहीं होगा।' लेकिन बिजली उत्पादन से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसमें कोई कमी आर्थिक गतिविधि बंद कर सकती है। आने वाली गर्मियों में बढ़ी मांग पूरी करने के लिए केन्द्र सरकार ने बिजली कानून, 2003 की धारा 11 के अंतर्गत गैस-आधारित जेन्कोस तथा आयातित कोल आधारित थर्मल प्लांटों को बिजली उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है, भले ही इसके लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़े। यह लगातार मांग बढ़ने की प्रतिक्रिया में किया गया निर्णय है। लेकिन जब जेन्कोस को भुगतान न किया जाए तो उत्पादन में भारी कटौती से कैसे बचा जा सकता है? इसलिए राज्यों को उनको भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। दबाव डालने पर संबंधित राज्य जेन्कोस को भुगतान के लिए पैसा उधार लेते हैं और 'कर्ज के जाल' में फंस जाते हैं। उदाहरण के लिए, 'आप' सरकार के पहले दो साल में पंजाब सरकार ने 47,000 करोड़ रुपया कर्ज लिया है जिससे पहले से ही भारी कर्ज के बोझ से लदे राज्य पर और बोझ बढ़ा है। ऐसे में सवाल है कि राज्य कर्ज के जाल से कैसे बच सकते हैं?

बिजली कानून, 2003 तथा इसके अंतर्गत ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार डिस्काम को उपभोक्ताओं को सप्लाई की जाने वाली बिजली पर टैरिफ इस प्रकार तय करना होता है कि उसकी बिक्री से मिलने वाली औसत राजस्व प्राप्ति-एआरआर सप्लाई की औसत लागत के बराबर हो। इसमें खरीद की लागत, पारेषण व वितरण या एसीएस शामिल है। डिस्काम इसे सुनिश्चित करने का तरीका निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं जिसे संबंधित राज्य बिजली नियामक आयोग-एसईआरसी को सहमति देनी होती है। आदर्श रूप से डिस्काम 'सभी' उपभोक्ताओं से सप्लाई की कुल लागत के बराबर टैरिफ तय करने को स्वतंत्र होती हैं जो इकाइयों की संख्या पर आधारित होता है। लेकिन वे इस सिद्धान्त का पालन नहीं करती हैं। वे कुछ उपभोक्ताओं, खासकर परिवारों-एचएच व किसानों से कम पैसा लेती हैं।

उदाहरण के लिए, दिल्ली में 200 यूनिट प्रति माह उपभोग करने वाले एचएच के लिए यह 3 रुपये प्रति यूनिट है जो एसीएस का लगभग आधा है। अनेक प्रकार की लेवी को शामिल कर यह 44.6 प्रतिशत हो जाता है और इस प्रकार प्रति यूनिट 4.3 रुपये की कमी आती है। 201 से 400 यूनिट उपभोग करने वाले एचएच के लिए यह 4.5 रुपये प्रति यूनिट है जिसका अर्थ प्रति यूनिट 1.5 रुपये का घाटा है। लेवी को शामिल करने के बाद यह 2.2 रुपये प्रति यूनिट हो जाता है। इस प्रकार होने वाले घाटे की प्रतिपूर्ति उद्योगों तथा बिजनेस अवस्थापनाओं से ज्यादा पैसा लेकर होती है जिनके लिए दर 16 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती है। इस प्रकार लक्षित उपभोक्ताओं से ली जाने वाली कम दरें राजनीतिक पार्टियों द्वारा दी जाने वाली 'खैरात' के सिवा कुछ और नहीं है। लेकिन यदि राज्य के खजाने से इस घाटे की प्रतिपूर्ति न हो तो कोई इस पर गौर नहीं करेगा। इसका खर्च उठाने वाले उद्योग कुछ बोल भी नहीं सकते हैं क्योंकि डिस्काम उनको बिजली सप्लाई करने वाली एकमात्र संस्थाये हैं और उनके पास कोई विकल्प नहीं है। लेकिन राजनीतिक पार्टियां लक्षित एचएच से यह मामूली धनराशि भी नहीं लेना चाहती हैं। दिल्ली में 'आप' सरकार ने डिस्काम से कहा है कि वे 200 यूनिट तक उपभोग करने वाले एचएच को कोई बिल न दें। इसी प्रकार पंजाब में एचएच द्वारा प्रति माह 300 यूनिट तक उपभोग मुफ्त है। इस प्रकार दिल्ली में 4.3 रुपये प्रति यूनिट घाटे की प्रतिपूर्ति राज्य द्वारा डिस्काम को करनी होगी। लेकिन अधिकांश राज्य यह प्रतिपूर्ति नहीं करती हैं अथवा काफी विलंब के बाद इसका आंशिक भुगतान करती हैं। इसके कारण डिस्काम को घाटा होता है। मुफ्त बिजली की उपलब्धता उपभोक्ताओं को हेराफेरी के लिए प्रेरित करती है। उदाहरणार्थ, पंजाब में 900 यूनिट प्रति माह उपभोग करने वाले एचएच ने तीन मीटर लगवा लिए हैं ताकि उपभोग को 300 यूनिट से नीचे रख कर कोई भुगतान न करना पड़े। बताया जाता है कि अमीर उपभोक्ताओं द्वारा भी भुगतान से बचने के लिए 1,00,000 से अधिक मीटरों के स्थान पर दो या तीन मीटर लगवाये गए हैं। जहां तक राज्य से मुफ्त बिजली पाने वाले किसानों का सवाल है, वे अपने घरों में कई एसी चला कर उसे खेती के खाते में डाल कर कोई भुगतान नहीं करते हैं। इसके परिणामस्वरूप वर्तमान समय में पंजाब में 95 प्रतिशत बिजली उपभोक्ता सस्ती बिजली पाते हैं और इसके बड़े हिस्से की प्रतिपूर्ति भी डिस्काम को नहीं की जाती है। डिस्काम के नुकसान का कारण एटीएंडसी नुकसान भी है जो सीधी भाषा में बिजली चोरी है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के अनुसार, एटीएंडसी नुकसान 27 प्रतिशत है। पंजाब में उत्पादित बिजली के बड़े हिस्से का कोई हिसाब-किताब ही नहीं है। डिस्काम ने इन घाटों के कारण बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थानों से कर्ज लिया है। वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में उनका कुल कर्ज 620,000 करोड़ रुपये था। जून, 2022 में उनको जेन्कोस तथा पारेषण कंपनियों-ट्रांसकोस को 1,40,000 करोड़ रुपये का भुगतान करना था।

केन्द्र ने डिस्काम द्वारा बकाया कर्ज भुगतान के लिए अनेक कदम उठाए हैं। लेट पेमेंट सरचार्ज-एलपीएस नियमों के अंतर्गत डिस्काम को 3 जून, 2022 तक लंबित बकाया 12 ईएमआई में भुगतान करना था। इसके परिणामस्वरूप पुराना बकाया जून, 2022 में 1,40,000 करोड़ से घट कर जुलाई, 2023 में 70,000 करोड़ तथा वर्तमान समय में 40,000 करोड़ रह गया है। जुलाई, 2021 में लागू योजना के अंतर्गत केन्द्र ने बिजली सप्लाई की गुणवत्ता व विश्वसनीयता में सुधार के लिए 3,00,000 करोड़ रुपये का भारी निवेश किया है। इसका उद्देश्य डिस्काम की क्षमता बढ़ाना भी है। इसने पूरी ऊर्जा श्रृंखला में प्री-पेड स्मार्ट मीटरिंग आयामों को अनिवार्य किया है जिसमें लगभग 250 मिलियन परिवार भी शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप एटीएंडसी नुकसान 2020-21 में 22.32 प्रतिशत की तुलना में 2022-23 में 13.5 प्रतिशत रह गया।

लेकिन केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह के अनुसार आज भी 15 प्रतिशत बिजली चोरी होती है। इस बिजली पर डिस्काम को कोई पैसा नहीं मिलता है। लक्षित एचएच व किसानों द्वारा उपभोग की जाने वाली बिजली की प्रतिपूर्ति का वादा राज्य सरकारों ने किया था। लेकिन वे इसका पूरा भुगतान नहीं करती हैं और इसका आंशिक भुगतान भी बहुत विलंब से होता है। इस भुगतान के लिए भी राज्य सरकारों को कर्ज लेना पड़ता है। इस प्रकार कर्ज का दुष्चक्र चलता रहता है। जब तक डिस्काम को राज्यों के नियंत्रण से मुक्त कर उनको अपनी कीमतें तथा वितरण नीतियां तय करने का अवसर नहीं दिया जाएगा तब तक यह स्थिति बनी रहेगी। यदि राज्य कुछ एचएच व किसानों को मुफ्त बिजली देना चाहती हैं तो इसका भुगतान उनको सीधे उपभोक्ताओं को करना चाहिए। इससे बिजली वितरण का वि-नियमन होगा, उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यकतायें पूरी करने के अनेक विकल्प मिलेंगे तथा बिजली दरों में कमी आएगी।

# राहुल गांधी को वायनाड ही रास आया!

"रिपोर्ट वायनाड के मतदाताओं के वर्गों से बात करने के बाद तैयार की गई थी, जो इस बात पर एकमत थे कि राहुल गांधी को वायनाड से ही चुनाव लड़ना चाहिए।"

कुमार चेलप्पन
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



**यहां** तक कि जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उस लोकसभा क्षेत्र के बारे में आधी रात को तैयारी कर रही थी जहां से राहुल गांधी इस बार चुनाव लड़ेंगे, द पायनियर ने खबर दी है कि नेहरू-गांधी खानदान का वंशज वायनाड नहीं छोड़ेगा जहां से वह भारी बहुमत से चुने गए थे। आम चुनाव के 2019 संस्करण में चार लाख वोट। यह रिपोर्ट वायनाड निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के विभिन्न वर्गों से बात करने के बाद तैयार की गई थी, जो इस बात पर एकमत थे कि राहुल गांधी को वायनाड से ही चुनाव लड़ना चाहिए।

जिन लोगों ने उनसे पूछे गए प्रश्नों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, उनमें कट्टर सीपीआई (एम) सदस्य और कार्यकर्ता शामिल थे, जिन्होंने यह बताया कि राहुल को 2019 के चुनाव की तुलना में बहुत बड़ा बहुमत दर्ज करना चाहिए क्योंकि प्रतिद्वंद्वी सीपीआई के एनी राजा और के सुरेंद्रन थे। बीजेपी का. सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा की पत्नी एनी ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को गलत तरीके से परेशान किया था और सीपीआई (एम) कैडर इसे एक बड़ा पाप मानते हैं। राजा ने भी सार्वजनिक रूप से विजयन की क्षमता पर सवाल उठाया था और इससे सीपीआई (एम) कार्यकर्ता नाराज हो गए थे।

यदि कांग्रेस या भाजपा नेताओं ने विजयन की आलोचना की होती, तो उन्हें कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन सीपीआई ने लक्ष्मण रेखा (यह स्टालिनवादी रेखा हो सकती है क्योंकि कॉमरेड रामायण को स्वीकार नहीं करते हैं) पार कर ली है। सीपीआई (एम) के साथी निश्चित रूप से एनी राजा को राजनीति की कला में एक या दो सबक सिखाएंगे। सच तो यह है कि सीपीआई (एम) नेता चाहते थे कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ें ताकि सीपीआई को एक सीट का नुकसान हो जाए। भाजपा के केरल प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्रन को मैदान में उतारने का निर्णय बहुत बाद में किया गया। सुरेंद्रन खुद जानते हैं कि वह बड़े अंतर से हारेंगे लेकिन उन्हें पार्टी लाइन का पालन करना होगा। बीजेपी दफ्तर से खबर आ रही है कि जमानत जब्त होने पर भी उन्हें राज्यपाल पद दिया जा सकता है. केरल बीजेपी में राहुल गांधी और कांग्रेस के वर्चस्व को चुनौती देने के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं हैं. वायंड के मतदाताओं द्वारा यह सवाल पूछा जा रहा है कि कितने लोगों को 2019 में राहुल गांधी को चुनौती देने वालों के नाम याद हैं।



दिलचस्प बात यह है कि गांधी के वायनाड से नामांकन दाखिल करने के साथ ही सीपीआई (एम) और कांग्रेस के बीच दुश्मनी काफी कम हो गई है। हालांकि कांग्रेस नेता सीपीआई (एम) की आलोचना करते हैं, लेकिन यह इन पार्टियों के कट्टर सदस्यों को यह समझाने का एक दिखावा मात्र है कि उनके बीच कोई गठबंधन नहीं है। लेकिन राज्य के लोग टीवी चैनलों और अखबारों में जो देखते हैं, वह सीताराम येचुरी और डी राजा की राहुल गांधी को गले लगाने और चूमने की वीडियो छवियां और तस्वीरें हैं, जबकि त्रिपुरा में पूर्व सीपीआई (एम) मुख्यमंत्री माणिक सरकार खुलेआम कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं।

केरल एकमात्र राज्य है जहां वे ऐसे व्यवहार करते हैं मानो वे प्रतिद्वंद्वी और दुश्मन हों। अगले चुनाव तक, कोई केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले मोर्चे के खिलाफ कांग्रेस और सीपीआई (एम) को एक साथ लड़ते हुए देख सकता है (बशर्ते हिंदुत्व पार्टी का नेतृत्व अपनी टोकरी से सभी सड़े हुए अंडे बाहर निकाल दे)। आज की तारीख में कांग्रेस और सीपीआई (एम) में कोई अंतर नहीं है। राजनीतिक पंडित दोनों पार्टियों से संबंधों को आधिकारिक तौर पर वैध बनाने के लिए कह रहे हैं ताकि पूरे देश में सांप्रदायिक और फासीवादी ताकतों के खिलाफ सभी धर्मनिरपेक्ष दलों को कांग्रेस के झंडे के नीचे खड़ा किया जा सके। धर्मनिरपेक्ष पार्टियों में मुस्लिम लीग भी शामिल है! मार्क्सवादी भाषा में, वे कहते हैं कि जो कोई भी सीपीआई (एम) के साथ जुड़ता है वह धर्मनिरपेक्ष है जबकि भाजपा सांप्रदायिक और फासीवादी है। एक बार जब वे भाजपा के साथ सुविधा का विवाह तोड़ देते हैं तो सीपीआई (एम) को एनडीए के पूर्व घटकों को सहयोगी के रूप में स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं होती है। आंध्र प्रदेश के तेलुगु देशम, उड़ीसा के बीजेडी, बीएसपी और जेडी (यू) कुछ प्रमुख राजनीतिक संगठन हैं जिनकी धर्मनिरपेक्षता की साख भाजपा के साथ उनके संबंधों पर निर्भर करती है।

9 अप्रैल 2024 को तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस के भीष्म पितामह ए के एंटनी द्वारा संबोधित प्रेस बैठक इस बात का संकेतक थी कि केरल में राजनीतिक विवाह कैसे होते हैं। जब एंटनी अपने बेटे अनिल एंटनी को कोस रहे थे, जो भाजपा उम्मीदवार के रूप में पथानमथिट्टा से चुनाव लड़ रहे हैं और मतदाताओं से उनके बेटे की हार सुनिश्चित करने के लिए कह रहे थे, तो वह कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी पर वाक्पटुता कर रहे थे, जो अनिल के खिलाफ खड़े हैं। पूर्व रक्षा मंत्री ने भाजपा को राष्ट्र-विरोधी, सांप्रदायिक और तानाशाह बताया। लेकिन जो बात सामने आई वह सीपीआई (एम) उम्मीदवारों पर उनकी चुप्पी थी। एंटनी के सीपीआई (एम) के साथ संबंध कुख्यात हैं क्योंकि वह 1980-1983 के दौरान लगभग दो वर्षों तक मार्क्सवादियों के साथ रहे थे। सीपीआई (एम) और एंटनी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने 1980 का आम चुनाव एक साथ लड़ा और लगभग दो वर्षों तक केरल पर शासन किया। सीपीआई (एम) ने कांग्रेस गुट को एलडीएफ से बाहर कर दिया, जिसने राज्य भर में कांग्रेस के कार्यालयों को ध्वस्त कर दिया और पुलिस दूसरी तरफ देखती रही। यह अकारण नहीं है कि राजनीतिक पंडित कहते हैं कि राजनीति अजनबी लोगों को हमबिस्तर बना देती है। क्या हमें ए के एंटनी से ज्यादा सबूत की जरूरत है?

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार
या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

### अपराध न्याय कानून

**देश** में तीन नए अपराध न्याय कानूनों की प्रशंसा भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने भी की है। उन्होंने इसे युगांतकारी बताया है। ये तीन कानून सिस्टम का कायापलट कर सकते हैं। चीफ जस्टिस के पुरजोर समर्थन से केंद्र सरकार द्वारा लागू नए कानूनों के प्रति देश.के आमजनों के विश्वास में बढ़ोतरी होगी और इसके लिए तथाकथित बुद्धिजीवियों द्वारा उठाई गई शंकाएं निरर्थक साबित होगी। कानूनों में निरंतर सुधार और गैर जरूरी कानूनों को समय-समय पर हटाने से देश की जनता को व्यर्थ की उलझनों से बचाया जा सकता है। देश में भारी संख्या में विचाराधीन मामलों के कारण बहुत मामूली सी कानूनी या तकनीकी त्रुटि के कारण भी लोगों को को कोर्ट तक घसीटना सरसार अन्याय है। यही भ्रष्टाचार का मूल स्रोत भी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई को कानूनी मान्यता देकर आधिकारिक शासकीय कार्य और दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त करने की सुविधाएं बढ़ाई जाए। कर्मचारियों को उनकी लापरवाही व सुस्ती के लिए दंड भी दिया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश सरकार ने रजिस्ट्री होते ही स्वतः इसके नगर निगम व पंचायत में दर्ज होने का स्वागत योग्य नियम बनाया है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला-विरोधी टिप्पणी

**चुनावी माहौल** में नेताओं की जुबान फिसल जाती है और इसका खामियाजा भी भुगतान पड़ता है। बिहार में तेजस्वी यादव की एक रैली में चिराग पासवान की मां और दिवंगत रामविलास पासवान की पत्नी के बारे में एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक अपशब्द बेहद शर्मनाक, निंदनीय और बर्दाश्त के बाहर हैं। हालांकि, तेजस्वी यादव ने इस प्रकरण पर सफाई दी है लेकिन वह आसानी से गले नहीं उतरती है। बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इस घटनाक्रम की घोर निंदा की है। दुःख की बात है कि राजनीतिक उठापटक में गलत संदर्भ देने व मां, बेटी, बहन को बीच में लाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। सभी दलों को सोचना होगा कि मातृशक्ति का अपमान, अपशब्द और अभद्रता का राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। महिला-विरोधी टिप्पणी के लिए चुनाव आयोग ने कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के चुनाव प्रचार पर 48 घंटे रोक लगाई थी। लेकिन इसके बावजूद राजनेता सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। नेताओं को अपने समर्थकों को भी अनर्गल बयानबाजी व गालीगलौज की भाषा से विरत रहने की सलाह देनी चाहिए, नहीं तो उनको इसका चुनावी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### खतरनाक गेम

**अमेरिका** में मार्च में एक भारतीय छात्रा की मृत्यु हो गई थी। पता चला है की छात्रा ने एक गेम खेलते हुए अपनी जान दे दी थी। आशंका थी की मौत के पीछे ब्लू व्हेल चैलेंज गेम हो सकता है जिसे सुसाइड गेम भी कहा जाता है। इस ऑनलाइन गेम में प्रतिभागियों को एक चैलेंज दिया जाता है। इस चैलेंज के अनुसार छात्रा ने 2 मिनट तक सांस रोक रखी थी। भारत के लिए ब्लू व्हेल गेम से मौत की यह पहली घटना हो सकती है। इस गेम का बच्चों पर काफी समय तक मानसिक असर रहता है। इसके भय से वह काफी गुमसुम एवं लोगों से दूर रहने लगता है। भारत में कई साल पहले ब्लू व्हेल गेम पर प्रतिबंध की बात चली थी परंतु केवल एक एडवाइजरी जारी कर मामला छोड़ दिया गया था। 2017 में जारी एडवाइजरी में कहा गया था की यह आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गेम है और बच्चों को इससे दूर रहने की सलाह दी गई थी। केंद्र सरकार को इस तथा इस जैसे गेमों पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही इनके प्रचार में प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग करने वाली एजेंसियों के मालिकों पर भी भारी जुर्माने व सजा का प्राविधान करना चाहिए।

- **एमएम राजावत,** शाजापुर

# मुन्देरा में अब ग्रामीण नही करेंगे चुनाव बहिष्कार, एसडीएम ने पंचायत भवन में बुलाई बैठक, की ग्रामीणों से सार्थक चर्चा

## 30 दिन के भीतर पानी टंकी का निर्माण कार्य होगा पूर्ण, ठेकेदार के साइट इंचार्ज ने शपथ में दिया बयान

### खलारी से मुन्देरा और तवेरा मोड़ से मुन्देरा सड़क का प्रस्ताव भेजा गया

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com


रायपुर, मंगलवार 23 अप्रेल 2024 पायनियर दुर्ग संभाग 07
विकास के दावों ने तोड़ा दम, मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम मुन्देरा के ग्रामीण, चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान
आजादी के 77 वर्ष बाद भी सड़क, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जूझ रहे ग्रामीण



पायनियर खबर का असर

अब गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम मुन्देरा के 1 हजार 980 ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित नही रहेंगे और न ही लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर गुंडरदेही एसडीएम सुरेश साहू ने मंगलवार की सुबह 9 बजे ग्राम मुन्देरा के ग्राम पंचायत कार्यालय में एक बैठक बुलवाकर सभी ग्राम वासियों से चर्चा की एवं उन्हें हो रही समस्याओं से वे अवगत हुए। इस दौरान तहसीलदार राहुल गुप्ता, पीएचई विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इन दौरान पानी टंकी निर्माण कर रहे ठेकेदार में साइट इंचार्ज ने 30 दिनों के भीतर कार्य पूरा करने सबके सामने शपथ पूर्वक बयान लिया गया, वही खलारी से मुन्देरा सड़क और तवेरा मोड़ से मुन्देरा सड़क का प्रस्ताव भेजे जाने की बात पीएमजीएसवाय विभाग ने कही। वही एसडीएम ने सभी लोगों से सार्थक चर्चा की। साथ ही अन्य समस्याओं का भी जल्द से जल्द निराकरण करने ग्रामवासियो को आश्वस्त किया। मौके पर एसडीएम ने पंचनामा बना उपस्तिथ पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों का हस्ताक्षर लिया गया। उल्लेखनीय हो कि पायनियर ने 23 अप्रैल के अंक में शीर्षक ÷विकास के दावों ने तोड़ा दम, मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम मुन्देरा के ग्रामीण, चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान÷ समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। जिसके कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ग्राम मुन्देरा पहुचे थें। वही ग्राम मुन्देरावासियों ने पायनियर का आभार जताया हैं।

**ये लिखा है पंचनामा में-**

23 अप्रैल 20204 को जिले के गुंडरदेही तहसील अंतर्गत ग्राम मुन्देरा प.ह. 38 रा.नि.म. भाठागांव आर, में ग्राम पंचायत मुन्देरा के कार्यालय द्वारा गुंडरदेही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मे दिये गये आवेदन आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के बहिष्कार के सूचना के परिपेक्ष्य में कार्यालय ग्राम पंचायत मुन्देरा में गुंडरदेही अनुविभागीय अधिकारी सुरेश साहू, तहसीलदार राहुल गुप्ता, सहायक अभियंता पीएचई एसआर ठाकुर, मुख्य ठेकेदार मेसर्स आयुष अग्रवाल बिलासपुर के साइट इंचार्ज सत्यवान बान्दे, संरपच ग्राम पंचायत मुन्देरा कमलेश्वर साहू, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए। अधिकारी गणों की उपस्तिथि में ग्रामवासियों से सार्थक चर्चा की गई। मुख्य ठेकेदार मेसर्स आयुष अग्रवाल बिलासपुर के साइट इंचार्ज सत्यवान बान्दे द्वारा शपथ पूर्वक बयान लिया गया कि उनके द्वारा 30 दिनों के भीतर पानी टंकी निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा। खलारी से मुन्देरा सड़क लंबाई 1.25 किमी. निर्माण हेतु पीएमजीएसवाय के तहत स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, एवं तवेरा मोड़ से मुन्देरा तक सड़क लंबाई 2.50 किमी. निर्माण हेतु किमी. निर्माण हेतु पीएमजीएसवाय के तहत पूर्व में ही स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा जा चुका हैं। स्वीकृति पश्चात ही कार्य किया जा सकेगा। समस्त ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत द्वारा सार्थक चर्चा उपरांत फैसला लिया गया की आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार नही किया जायेगा एवं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान किया जायेगा। पंचनामा पढकर कहकर सुनाया गया, सही पाया गया। जिसके पश्चात उक्त पंचनामा में सरपंच कमलेश्वर साहू, सचिव , ठाकुरराम, आजाद शैलेश, पंच परमिला बाई, पंच नागेश्वरी साहू, दिनेश्ववरी साहू, प्रेमलता, सुलोचना, दिनेश्वरी साहू, हेमबाई, रीना साहू, सुलेखा, पेमिन, झामीन बाई, संतोषी, रूपसिंह साहू, मुकेश कुमार, चंद्रिका, अनेश्वरी साहू, जयंत्री, सुनीता समेत अन्य ग्रामवासियो ने हस्ताक्षर किया।

**इन समस्याओं से गुजर रहे है ग्रामवासी**

दरअसल ग्राम मुन्देरा से ग्राम तवेरा और खलारी से मुन्देरा तक पहुंचने वाली प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत वाला मार्ग बेहद जर्जर है। जहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है। आलम यह है इस मार्ग में ग्रामीणों में पैदल चलना भी दुर्भर हो गया हैं। वहीं नल जल योजना के तहत लगाए गए टंकी का निर्माण पिछले 1 साल से चल ही रहा है। जो आज तलक पूरा नही हुआ है। बीते एक वर्ष से पानी टंकी निर्माण अधूरा पड़ा है। इन तमाम सुविधाओं के लिए ग्रामीणों ने कई बार कलेक्टर जनदर्शन और स्थानीय नेताओं को अवगत कराया। मगर उनकी सुनवाई नहीं हुई। जिस वजह से यह पूरा गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीण काफी आक्रोशित ही गए, और उन्हें हो रही समस्याओं को लिखित में चेतावनी के साथ तत्काल निराकरण करने कलेक्टर एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था।

# भूपेश कका हो हमारा सांसद जनता ने तय कर लिया है

### कवर्धा के सूतिया गांव के लोगों ने भूपेश बघेल को चुनाव के लिए सहयोग राशि भेजी



पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा सांसद प्रत्याशी भूपेश बघेल लगातार चुनावी दौरे पर हैं । लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र की जनता का भी भूपेश बघेल को भरपूर प्यार और स्नेह मिल रहा है । इस स्नेह के क्रम में कवर्धा के सुतिया गांव के लोगों ने भूपेश बघेल को चुनाव के लिए सहयोग राशि भेजी है। जिसपर बघेल ने सहयोग को सहर्ष स्वीकार करते हुए ग्राम वासियों को धन्यवाद करते हुए प्रेम भरे वीडियो को अपने फेसबुक पेज में साझा करते हुए कहा है कि लोगों का यही प्यार मुझे संबल देता है इस प्यार का आजीवन कर्जदार रहूंगा । चुनाव को लेकर लगातार क्षेत्र के दौरे पर भूपेश बघेल लोगों के बीच जा रहे है वही लोग भी लोकसभा चुनाव में बघेल को अपने बीच पाकर खुश है और अपार समर्थन देकर अपने भावी सांसद के रूप में देख रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व में छत्तीसगढ़ में भूपेश की कांग्रेस सरकार में हर वर्ग, हर तबके के लोगों के लिए बहुत सारी महत्वकांयोजनाओं को लोगों के बीच लाकर उन्हें जीवन की दशा दिशा सुधारने, सामाजिक उत्थान जैसे अनेक समरसता का कार्य किया था, लोगों के बीच लोकसभा चुनाव में मिल रहे प्रगाढ़ प्रेम को देखकर लोकसभा चुनाव में कका की जीत तय मानी जा रही है ।

# चुनावी दौरा पर पहुंचे भूपेश बघेल को देखकर लोगों ने कहा काका जिंदा है



पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा सांसद प्रत्याशी भूपेश बघेल लगातार चुनावी दौरा पर कबीरधाम जिले अंतर्गत अनेक क्षेत्रों में दौरा कर जनसंपर्क कर रहे हैं। वे अनेक ग्राम पहुंच वहां के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर, भाजपा के कुशासन से लोगों को अवगत करा रहे, बढ़ती महंगाई बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए। कांग्रेस की पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों से लोगों का अवगत कराते हुए, वर्तमान भाजपा सरकार की नाकामियाबियों को सबके समक्ष रख रहे साथ ही, केंद्र सरकार एवं नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए अनेक तरह के घटनाओं एवं घोटालों से लोगों को अवगत कराते हुए लोगों से कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा लोगों को छला है, नरेंद्र मोदी ने जिन मुद्दों के साथ चुनाव लड़ा उनमें से एक भी वायदा पूरा नहीं किया एवं देश को गर्त में ले जाने और कांग्रेस सरकार द्वारा किया विकास के नाम को परिवर्तित करने उनको निजी हाथों में सौंपने बेचने, देश को अपने फायदे के लिए असुरक्षित करने और देश के नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार छल कपट और नाकामियों के सिवाय कुछ नहीं दिया। उन्होंने कांग्रेस की घोषणा पत्र के संबंध में लोगों को अवगत कराया ।उन्होंने बताया कि जब कांग्रेस की सरकार बनेगी तो महिलाओं को सालाना 1 लाख की राशि उनके खाते में प्रदान की जाएगी। उन्होंने घोषणा पत्र में शामिल कर्मचारियों युवाओं महिलाओं किसानो हेतु अनेक योजनाओं के संबंध में लोगों को अवगत कराया। बघेल ने लोगों को आश्वस्त किया कि यदि वे कांग्रेस को समर्थन देते हैं, उनको जीत दिलाते हैं तो छत्तीसगढ़ में जिस तरह से अपने 5 साल के कार्यकाल में लोगों की समस्याओं को दूर किया उसी तरह छत्तीसगढ़ की जनता का आवाज को केंद्र तक पहुंच कर केंद्र सरकार के माध्यम से जारी होने वाले अनेक लोग जन कल्याणकारी योजनाओं को छत्तीसगढ़ की जनता तक पहुंच कर उनका लाभ दिलाने का कार्य करेंगे उनकी आवाज को लोकसभा तक पहुंचाने हेतु भाजपा के चाल चरित्र को जग जाहिर करने हेतु उनके प्रतिनिधि के रूप में भूपेश बघेल उनकी आवाज बनेंगे। वे अबतक वनांचल क्षेत्र सहित अनेक ग्रामों के लोगों को कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आग्रह कर चुके हैं।

# पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार तथा अध्यक्ष जिला न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर व श्रीमती निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन पर अमोरा एवं बेरला रोड, कोबिया बेमेतरा में 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को पृथ्वी की सुन्दरता बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। अपने जीवन में प्रकृति से अनुकूल सीखें। अपनी आदतों में थोड़ा सा बदलाव करके हम प्रकृति को अनुकूल बना सकते है। पृथ्वी दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब हम पृथ्वी को अपना घर समझकर उसे संवारने का प्रयत्न करेंगे। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम हरियाली को बचाए तभी ओजोन परत को सुरक्षित रखा जा सकता है प्रकृति को बचाने का अर्थ है स्वंय को बचाना। उक्त शिविर पर लोगों से आग्रह किया कि अपने जन्मदिन पर पेड़ पौधे लगाए एवं अपने मित्रजनों को उपहार स्वरूप पौधे देने का प्रचलन शुरू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही नालसा व सालसा द्वारा संचालित कानूनी नियमों एवं निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान किया गया। उक्त शिविर पर पैरालीगल वॉलिंटियर्स पवन कुमार साहू, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र यादव, पंकज घृतलहरे, स्वाति कुजांम उपस्थित रहें।

# शहर के मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिर में विविध समारोह संपन्न हुआ जहां पर श्रद्धालुओं ने जहां सुबह से ही भगवान हनुमान का दर्शन कर आशीर्वाद दिए वही हनुमान मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक के कार्यक्रम संपन्न होता रहा इस संबंध में जानकारी के अनुसार घड़ी चौक में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह से ही वहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा था वहीं सुबह हनुमान जी का विशेष पूजा अर्चना के बाद अभिषेक किया गया तत्व उपरांत वह हवन पूजन और आरती की गई और बाद में प्रसादी वितरण किया गया और भंडारा आयोजित किया गया इसके साथ ही राम नाम गणेश नाम पुस्तक का भी वितरण किया गया साथ ही हनुमान चालीसा पुस्तक रुद्राक्ष वितरण किया गया यहां पर इस मंदिर के पुजारी धनेश्वर तिवारी के द्वार सुबह वेदिक मंत्र के साथ भगवान बजरंगबली का पूजा अर्चना कर आरती किया गया इसी तरह बजार पारा स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी सुबह से लेकर शाम तक विविध कार्यक्रम संपन्न हुआ जबकि लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने स्थित बजरंगबली मंदिर प्रताप चौक में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना हवन के साथ आरती कर प्रसाद वितरण किया गया पुरोहित गली वार्ड नंबर 20 में स्थित हनुमान मंदिर में पंडित सुशील तिवारी के निर्देश पर एवं मंत्रोच्चारण के साथ श्रृद्धालुओं ने हवन किया और आरती किया तद्उपरांत प्रसाद वितरण किया गया नया बस स्टैंड के पास हनुमान मंदिर में इस साल विशेष रूप से भव्य कार्यक्रम रखा गया था जहां बजरंगबली के पूजा अर्चना के साथ ही हवन आरती किया गया तदुपरांत शरबत एवं भोजन प्रसादी वितरण किया जय स्तंभ चौक में स्थित हनुमान मंदिर में भी कार्यक्रम रखा गया था। गंजपारा बाबा रामदेव शिव सिद्ध हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष हनुमान जयंती मनाया गया जिसमें महेश्वरी समाज एवं वार्डवासी नगरवासी उपस्थित होकर भगवान हनुमान जी की जयंती में शामिल होकर हनुमान जी के सहस्त्र नाम सुंदरकांड का पाठ कराया गया पीपल हनुमान मंदिर मैं विधि विधान से पूजन पाठ कर भंडारा का आयोजन किया गया इस साल जिला संयुक्त कार्यालय परिसर में विधि हनुमान जयंती श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मनाया गया यहां भी पूजा अर्चना के साथ ही हवन आरती की गई तदुपरांत भोज भंडारा आयोजित किया गया था।

# आज निकलेगा हनुमान जी की शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हनुमान जयंती के अवसर पर इस साल 24 अप्रैल को शाम के समय हनुमान जी का शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसे नगर के प्रमुख मार्ग में भ्रमण कराया जाएगा इस संबंध में जानकारी देते हुए बेमेतरा नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष विजय सिंहा ने बताया कि इस साल बेमेतरा जिला मुख्यालय में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा 24 अप्रैल को शाम को निकल जाएगी जिसमें विशेष आकर्षण के रूप में यहां हनुमान जी के विभिन्न रूपों का जीवंत रुप मूर्ति के रुप शोभा यात्रा में दिखाया जाएगा उन्होंने बताया कि बेमेतरा शहर के बाजार पर में स्थित मां भद्रकाली मंदिर के पास से शाम को बुधवार के दिन शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें धाम झाम के साथ बैंड बाजा एवं विभिन्न छत्तीसगढ़ी वाद्य नित्य परिधानों के साथ श्रद्धालु नाचते गाते शोभायात्रा में शामिल रहेंगे उन्होंने बताया कि शोभायात्रा बाजार पर से निकलकर नवीन बाजार होते हुए गौरव पथ दुर्गा मंदिर गस्ती चौक मंडी रोड घड़ी चौक परशुराम चौक जय स्तंभ चौक भारत माता चौक होते हुए प्रताप चौक की तरफसे प्रमुख मार्ग से होते हुए मंदिर में आकर शोभायात्रा का समापन होगा उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया गया है हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को प्रसाद वितरण किया गया।

# 24 को पहुंचेंगे सल्धा दंडी स्वामी श्रीमज्जयोतिर्मयानंद सरस्वती जी

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



परमाराध्य परम् धर्माधीश अनन्त श्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज नें शिवगंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर सलधा के ब्रम्हचारी ज्योतिर्मयानदःजी को कांशी गंगा किनारे में विद्या मठ में दंड संन्यास की दीक्षा दी है दीक्षा उपरांत दण्डी स्वामी श्रीमज्जयोतिर्मयानदः सरस्वती जी महाराज के नाम से जानें जाएंगे दंड संन्यास की दीक्षा लेने के उपरांत स्वामी जी परमहंसी आश्रम रवाना हुए वहां पर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वरूपानंद जी सरस्वती जी के समाधि दर्शन करेंगे एवं गुरु से आशीर्वाद लेकर शिवगंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर धाम - सलधा के रवाना होंगे 24-4-2024 दिन बुधवार को संध्या 4 बजे ग्राम - सलधा पहुंचेंगे वहां से उनके अनुयायियों एवं शिष्यों द्वारा स्वागत सत्कार के पश्चात रथ द्वारा बाजे-गाजे के साथ ग्राम के महिलाएं कलश यात्रा लेकर शिवगंगा आश्रम सलधा के लिए रवाना होंगे आश्रम में उनके अनुयायियों एवं शिष्यों तथा ग्रामीणों द्वारा स्वागत सत्कार किया जाएगा आप सबसे निवेदन समय का ध्यान रखते हुए स्वागत सत्कार के इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य कमाए यह जानकारी आश्रम के सदस्य लेखमणी पाण्डेय, नारद सिंह राजपूत,नटराज पटेल, गौतम चंद जैन, किशोर शर्मा, जितेंद्र शुक्ला ,अनिल मिश्रा, द्वारा दिया गया ।

# विधायक भावना बोहरा ने कार्यकर्ताओं के साथ किया हनुमान चालीसा पाठ, भाजपा की जीत के लिए जनता से माँगा आशीर्वाद

## भाजपा का हर कार्यकर्ता हनुमान जी की सेवा और समर्पण भावना से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कर रहा काम : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर भाजपा की जीत की कामना कर जनता से समर्थन व आशीर्वाद माँगा। उड़ियाखुर्द, कारेसरा, हथलेवा, गोछिया, बगदई, ढोरली, दरिगंवा, पटपर, ढोढमा नवापारा, बीजा बैरागी, मजगाँव और झाड़ूटोला में जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों को नरेंद्र मोदी की योजनाओं और विष्णु देव सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देकर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर ढोढमा नवापारा में भावना बोहरा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पवनपुत्र का समर्पण भाव समस्त रामभक्तों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बना रहेगा। उनकी कृपा से भारत के प्रधानमंत्री विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी कृपा और आशीर्वाद हम सभी के साथ हैं और लोकसभा चुनाव में हनुमान जी और जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर हम जीत का परचम जरुर लहरायेंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद इस वर्ष रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर देश में एक अलग ही उत्साह और आनंद दिखाई दे रहा है। इस उत्साह और आनंद की वजह अयोध्या में निर्मित राम लला के भव्य-नव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण है जिसके लिए नरेंद्र मोदी जी के साथ करोड़ों कार्यकर्ता, देशवासी और कारसेवक समर्पित रहे। भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज हम सभी ने इस उत्सव को भव्य बनाने के लिए यहां हनुमान चालीसा का पाठ भी किया, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र की जनता का भी अपार उत्साह देखने को मिला। प्रभु श्रीराम के प्रति जनमानस में आस्था और हनुमान जी के प्रति उनकी निष्ठा से अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हम जरुर पूरा करेंगे और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भारत को निरन्तर विकास पथ पर गतिमान करेंगे। अयोध्या में निर्मित राम मंदिर हमारे लिए आस्था का वह केंद्र बिंदु है जिसके लिए स्व अटल से लेकर लाल कृष्ण आडवानी जी ने हमेशा प्रयास किया और आज उनके मार्गदर्शन एवं संकल्पों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरा किया। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान जी का जीवन आज भी हमें भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं।जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आए। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी, लेकिन आज भारत बजरंगबली जी की तरह अपने भीतर समाहित शक्तियों का आभास कर चुका है और लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता मेंज़िला अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा आज यहां ज़िला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन -2024 के लिए ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों और आदर्श मतदान केंद्र सहित डाक मतपत्र आदि की जानकारी ली। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायतटेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत,अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर मूलभूत सुविधाओं को एक बार और चेक करें। कोई कमी हो तो उसे पूरा कर लें। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफ़िकेट) फ़र्म वितरण की भी जानकारी ली। डाक मतपत्र नोडल दिव्या पोटाई ने निर्वाचन कर्तव्य (ड्यूटी) पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के डाक मतपत्र से मतदान करने और बनाये गये सुविधा के केंद्र से अवगत कराया। पोटाई ने जानकारी देते हुए बताया कि पाँच सुविधा केंद्र बनाये गये है।इन सुविधा केंद्रों के लिए प्रभारी अधिकारी भी बनाये गये है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारीरणबीर शर्मा ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में मधुमक्खी के छत्ते है, उन्हें हटा दिया गया है तो प्रमाण पत्र निर्वाचन शाखा को उपलब्ध करा दें। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही ना करें। उन्होंने मुख्यचिकित्सा अधिकारी को सभी स्वस्थ्य केंद्रों में समय पर स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी रहे और पर्याप्त मात्रा में ज़रूरी दवाईयां और चिकित्सकीय उपकरण हो यह सुनिश्चित कर लें।इसके अलावा राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित स्वास्थ्य केंद्रों को ज़रूर देख ले।वहां चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ़ हमेशा उपलब्ध रहे। ताकि ज़रूरतमंद को तुरंत प्राथमिक उपचार मिले। गर्मी को देखते हुए भी पूरे इंतज़ाम करें।

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, सम्मेलन का स्वयं का होगा राष्ट्रीय भवन निर्माण

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति (2023-25) की तृतीय बैठक केंद्रीय कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया के सभापतित्व में संपन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया ने सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए सम्मेलन की गतिविधियों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। आगे उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि 'राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान','राजस्थानी भाषा साहित्य सम्मान' एवं 'राजस्थानी भाषा बाल साहित्य सम्मान' के लिए आप हमें नाम भेजें। लोहिया ने उपस्थित सदस्यों को अपने प्रांतीय दौरों की विस्तार से जानकारी दी व वहां के सांगठनिक विकास के बारे में बताया। उन्होंने अपने 10 प्रांतों के दौरे के लक्ष्य के बारे में बताते हुए कहा कि मैं इसे इस वर्ष पूरा कर लेने के लिए प्रयास रत हूँ और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं यह कर पाऊँगा। अखिल भारतीय समिति की अगली बैठक सूरत में आयोजित होने की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दलाल रूंगटा ने तत्कालीन सत्र के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो जितना अच्छा काम करता है उससे हमारी अपेक्षाएं उतनी अधिक बढ़ जाती हैं। उन्होंने अपना सुझाव देते हुए कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगों का सहयोग सम्मेलन की मूल भावना थी, उस पर हमें और काम करने की जरूरत है। आगे उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार में सहायक पुस्तिका 'सहज राजस्थानी व्याकरण' को अद्यतन करवाने की आवश्यकता है, जिसे हमें अतिशीघ्र करवाना चाहिए,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सराफ ने वर्तमान सत्र की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कोलकाता के सम्मेलन भवन निर्माण के अब तक की प्रगति की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी। आगे उन्होंने कहा कि समाज में संबंध-विच्छेद के मामले तेजी से बढे हैं, हमें विधुर, विधवा एवं पृथक रह रहे लोगों केपुनःस्थापना के लिए कार्य करना चाहिएउन्होंने सुझाव दिया कि एक उपसमिति बनाकर ऐसे लोगों का बायोडाटा संग्रहित कर उसका प्रचार-प्रसार कर, इसमें सहयोग का काम हम कर सकते हैं। हमें सम्मेलन व प्रांतों की योजनाओं के अत्यधिक प्रचार-प्रसार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। संस्कार-संस्कृति चेतना के माध्यम से हम सांस्कृतिक गिरावट को रोक सकते हैं, इस ओर और काम करने की जरूरत है,राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछ्ली बैठक (24 दिसंबर 2023) कोलकाता का कार्यवृत प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। उन्होंने पिछ्ली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों पर महामंत्री की रपट प्रस्तुत की,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने 2023-2024 का आय-व्यय का ब्यौरा सभा पटल पर रखा।संगठन-विस्तार तथा प्रांतों की सक्रियता पर प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया एवं दिनेश जैन ने अपना रपट प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया द्वारा भेजे गए रपट को पूर्वोत्तर के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश खंडेलवाल तथा रंजीत जालान की रपट को राष्ट्रीय महामंत्री तोदी ने प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जालान ने संगठन से संबंधित रपट प्रस्तुत की एवं सम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एक 'सिग्नेचर परियोजना' संचालित करने की अपील की।उपस्थित प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश चंद काबरा (पूर्वोत्तर), नन्द किशोर अग्रवाल (पश्चिम बंग) ने प्रांत स्तर पर हो रहे कार्यों की जानकारी दी एवं अपने विचार रखे,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बिनोद तोदी, कमल कुमार नोपानी (बिहार), ओम प्रकाश खंडेलवाल (पूर्वोत्तर) एवं उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान शाखाध्यक्ष सुरेश कमानी (कटक) ने भी अपने विचार व्यक्त किए,राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया ने भवन निर्माण उपसमिति की बैठक में हुई चर्चा के मद्देनजर राजा राममोहन राय स्थित सम्मेलन भवन के निर्माण हेतु पहल का स्वागत किया। 'एस. आर. रुंगटा ग्रुप' के सहयोग के प्रस्ताव का सम्मेलन द्वारा स्वागत किया एवं उनके प्रति आभार प्रकट किया,साथ ही भवन के निर्माण हेतु सम्मेलन की निधि से 50 लाख रुपए तक की धनराशि खर्च करने के अधिकार हेतु राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्ताव रखा, जिसको सर्व सम्मति से पारित किया गया।सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल रूंगटा को सम्मेलन भवन निर्माण खर्च में पूर्ण सहयोग हेतु कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

## पोकलेन आपरेटर से मारपीट

### पीड़ित ने पुलिस में की शिकायत



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी के पोकलेन आपरेटर से मारपीट करने के मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस से मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विकास कुमार शर्मा पिता परशुराम शर्मा 30 साल ने बताया कि वह घरघोड़ा के रायकेरा में रहते हुए बीते डेढ साल से कलिंगा कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड तिलाईपाली एनटीपीसी में पोकलेन आपरेटर के पद पर काम करते आ रहा था। 22 अप्रैल सोमवार की दोपहर ढाई बजे वह अपना काम समाप्त कर रहा था उसी दौरान पोकलेन मशीन का पाइप के फटने की सूचना उसने एचआर को देना चाहा। उसी दौरान मैकेनिक प्रभारी कृपासिंधु को जैसे ही इस बात की जानकारी मिली उसने मशीन के टुल्स से फेंककर मारते हुए गाली गलौज की। टूल्स विकास कुमार के सिर में लगा जिससे उसे चोट लगते ही अधिक ब्लड निकलने की वजह से वह बेहोश हो गया। इसके बावजूद रतिकांत सेनापति भी मौके पर पहुंचे और कृपासिंधु के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए लात घुसों से उसके साथ मारपीट की गई। साथ ही दोनों ने धमकी देते हुए पूरे घटनाक्रम को दुर्घटना बताने की बात कही गई। इस बीच मौके पर काम कर रहे अन्य कर्मचारियों ने बीच बचाव भी किया।

# विकासखंड रायगढ़ के सरकारी स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

विकासखंड में परीक्षा उपरांत शाला में बच्चों की उपस्थिति बनाये रखने तथा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोडने के उद्देश्य से समर कैंप का संचालन स्व-प्रेरित शिक्षकों के द्वारा शालाओं में किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा अकादमिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिस हेतु बीते दिनों के एक अकादमिक बैठक का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया था। जिसमें बच्चों के संग मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) को लेकर प्रतिदिन आयोजित किए जा सकने वाली गतिविधियों के साथ-साथ कला, खेल-कूद की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। जिसके तहत कई शालाओं ने इस प्रक्रिया का संचालन अपनी शाला में शुरू किया गया। जिसमें प्रतिदिन बच्चों के साथ हिन्दी, गणित एवं कला से जुड़ी कई गतिविधि संचालित हो रहे है जैसे-कहानी सुनना-सुनाना, शब्द के कहानी बनाना, अधूरी कहानी को पूरा करना, शिक्षण अधिगम सामग्री या गतिविधि से संख्या ज्ञान या संक्रिया, कार्यपत्रक का उपयोग, मिट्टी के खिलौने का निर्माण, कागज के खिलौने का निर्माण, कहानी पर चित्र निर्माण आदि शामिल है।

# एनटीपीसी कोरबा में हर्षोल्लास से मनाया गया मैत्री महिला समिति का 43वां वार्षिकोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



एनटीपीसी कोरबा के महिला क्लब, मैत्री महिला समिति ने अपना 43वां वार्षिकोत्सव मनाया। जिसमे सरित माहेश्वरी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा, मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। महिला क्लब के सदस्यों ने 43वें वार्षिकोत्सव की शुरुआत गणेश वंदना से की, जिसके बाद छत्तीसगढ़ का स्वागत गीत गाया। मैत्री महिला समिति की अध्यक्ष राखी माहेश्वरी ने सभा को संबोधित किया और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। वार्षिकोत्सव में मैत्री महिला समिति की सदस्यों द्वारा रंग-बिरंगे परिधानों, नाटक, मधुर संगीत और नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। भारत के सात अलग-अलग राज्यों के नृत्य, संस्कृति आदि प्रस्तुत किए गए, जिसमें देश की विविधता को दर्शाया गया और देश के विभिन्न कोनों से आवाजें भी सुनी गईं। वार्षिक दिवस कार्यक्रम में क्लब सदस्यों के जीवनसाथियों को आमंत्रित किया गया था और उन्होंने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, तथा दर्शकों और प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और शाम का आनंद लिया। इस अवसर पर सरित माहेश्वरी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने अभिनंदन भाषण में एमएमएस क्लब और उसके सदस्यों को वार्षिक दिवस पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आने वाले दिनों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान महिला क्लब के सभी वरिष्ठ सदस्य और सदस्य, परिवार और एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। एमएमएस क्लब का वार्षिक दिवस समारोह एक शानदार सफलता थी और अतिथियों और शुभचिंतकों द्वारा इसकी बहुत सराहना की गई।

## लामीदरहा पुल में दो बाईक भिड़ी, युवक की मौत, 4 जख्मी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर से लगे लामीदरहा पुल में दो बाईक आपस मे इस कदर भिड़ी कि ससुराल से उपचार कराने विशाखापट्टनम जाने निकले युवक की मौत हो गई। वहीं, 4 जख्मियों का मेकाहारा में इलाज चल रहा है। बेलगाम रफ्तार के कहर का यह मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मूलतः सक्ती जिले के डभरा थानांतर्गत ग्राम धुरकोट निवासी मनोहर पटेल आत्मज पदमन पटेल (32 वर्ष) जिला मुख्यालय से लगे ग्राम रेगड़ा आया था। चूंकि, मनोहर की तबियत ठीक नहीं थी इसलिए वह इलाज के सिलसिले में रायगढ़ से विशाखापट्टनम जाने वाला था। सोमवार की सुबह तकरीबन सवा 8 बजे मनोहर को उसका एक रिश्तेदार मोटर सायकिल से रेलवे स्टेशन छोड़ने जाने निकला था। इस दौरान लामीदरहा पुल के समीप विपरीत दिशा से अपेक्षाकृत तेज और लापरवाहीपूर्वक गति से आ रहे 3 सवारी बाईक से उनकी भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों मोटर सायकिल में सवार पांचों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने जख्मियों को सरेराह असहाय पड़े देख 112 नंबर डायल कर हादसे की सूचना दी। कुछ देर में ही एम्बुलेंस पहुंचने पर आहतों को केजीएच ले जाया गया। चूंकि, मनोहर के शरीर के बाहरी के अलावे अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें थी इसलिए डॉक्टर्स ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल चारों को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा गया है। चक्रधर नगर पुलिस भादंवि की धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामले की छानबीन कर रही है।

## सीएमएचओ ने सीएचसी लैलूंगा में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के सभा कक्ष में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण, गर्भवती पंजीयन, कुष्ठ मलेरिया महामारी जैसे उल्टी, दस्त से बचने के उपाय, मातृ मृत्यु-शिशु मृत्यु दर पर रोक, एच आई वी जाँच, सिकलसेल जाँच, कैंसर ब्रेस्ट कैंसर, मुख कैंसर, सरवायकल कैंसर, रक्त चाप, शुगर जाँच के संबंध में जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु उपायों पर गहराई से समीक्षा कर निर्देश दिए। सीएमएचओ ने बढ़ती गर्मी व लू से बचाव हेतु लू के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सावधानी रखने से काफी हद तक लू के चपेट से बचा जा सकता है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप व शरीर में पानी की कमी है। सामान्यतरू दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप तेज होती है इस दौरान संभव हो सके तो धूप में जाने से बचे और पानी अधिक मात्रा में पियें। खाने में फल, जूस, दही एवं अन्य तरल पदार्थों आदि भी अधिक से अधिक मात्रा में पीने के लिये आम जनों को समझाईश दिये जाने के लिये तथा समस्त कर्मचारी को अपने मुख्यालय में रहकर ही हितग्राहियों का स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल, डॉ दिनेश नायक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.लखन लाल पटेल, डॉ.डी.एस. पैकरा, विकासखंड प्रबंधक अश्वनी साय, बी.डी.एम रवि चैधरी, बी.ई.टी.ओ पी.एस. पटनायक एवं समस्त सुपरवायजर, आर.एच.ओ महिलाध् पुरूष तथा सी.एच.ओ उपस्थित रहे।

## सक्ती नगर पालिका अध्यक्ष के निवास पर 4 मई से 10 मई तक होगी श्रीमद् भागवत कथा

■ प्रसिद्ध कथा वाचक देवी चित्रलेखा जी करवाएंगी कथा का रसपान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा जायसवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू के निवास में आगामी 4 मई से 10 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है, इस कथा कार्यक्रम में व्यास पीठ पर दुनिया की सुप्रसिद्ध कथा वाचक देवी चित्रलेखा जी अपनी अमृतमय वाणी से कथा का रसपान करेंवायंगी, उपरोक्त कार्यक्रम वंदना टेलर्स एंड बॉडी मेमु प्राइवेट लिमिटेड ठाकुरदिया पारा शक्ति में आयोजित किया गया है, तथा उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर आयोजक परिवार के सतीश कुमार जायसवाल (वरिष्ठ अधिवक्ता, पर्यावरण विद), त्रिलोक चंद जायसवाल (दादू) जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शक्ति एवं सुषमा जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष शक्ति सहित सभी जायसवाल परिवार के सदस्य जुटे हुए हैं, एवं कथा प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक होगी, जिसमें कथा प्रारंभ दिवस 4 मई को सुबह 8:00 बजे आदि शक्ति मां महामाया देवी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी, एवं 4 मई को ही श्रीमद् भागवत महात्मय कथा, 5 मई को प्रथम स्कंध ,भगवान के 24 अवतार, एवं व्यास नारद जी संवाद, 6 मई को सुखदेव जी आगमन, ध्रुव चरित्र, जजामिल कथा एवं प्रहलाद कथा, 7 मई को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री राम जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव, 8 मई को श्री कृष्ण बाल लीलाएं एवं गोवर्धन लीलाएं, 9 मई को महारास, मथुरा गमन, एवं रुक्मणी विवाह, 10 मई को श्री सुदामा चरित्र, भागवत सार एवं रात्रि 7:30 से भंडारा- प्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है,आयोजक परिवार ने समस्त धर्म प्रेमियों एवं श्रद्धालु भक्त जनों को इस श्रीमद् भागवत कथा में सह परिवार कथा श्रवण कर पुण्य का भागी बने का आग्रह किया है, तथा शक्ति शहर के ठाकुरदिया पारा में इस कथा स्थल के लिए भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों के कथा श्रवण की सुंदर एवं बेहतर व्यवस्था की जाएगी, सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक देवी चित्रलेखा जी के आगामी कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए मोबाइल नंबर- 999177 3333 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नो पॉलिथीनः पर्यावरण संरक्षण को लेकर सक्रिय सक्ती की अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा की नव गठित कार्यकारिणी की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल के नेतृत्व में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर लोगों को नो पॉलिथीन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में अनुकरणीय पहल की गई, शाखा सदस्यों ने जहां इस दिन लोगों को पॉलिथीन के उपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए नो पॉलिथीन का संदेश दिया, साथ ही लोगों को जुट के बैग के आधिकाधिक इस्तेमाल करने की भी बात कही, अध्यक्ष सुमन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शाखा ने सभी क्षेत्रवासियों को विश्व पृथ्वी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज पृथ्वी को सुरक्षित रखने एवं संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, तथा धरती के हो रहे दोहन को रोकना एवं इस पर्यावरण को बेहतर बंनाने के लिए हमें आगे आना होगा एवं आज वर्तमान में पॉलिथीन के उपयोग से जहां पूरा पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है, तो वहीं इस वातावरण को सुरक्षित करने की आवश्यकता है तथा इस अवसर पर शाखा सदस्यों ने 100- कपड़े की थैलियो का विवरण किया तथा लोगों को यह भी कहा कि वे पॉलिथीन का उपयोग ना करें एवं सब्जी बाजार एवं अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुएं लेने वे बाजार जाते हैं तो कपड़ों की थैली का उपयोग करें साथ ही इस कार्यक्रम में शाखा के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागीता करते हुए इस कार्य को निरंतर जारी रखने का संदेश दिया, उल्लेखित हो कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी नो पॉलिथीन का संदेश देते हुए जुट के बैग का अधिकाधिक उपयोग करने की बात कही है।

**दो केन्द्रों से चुनाव सामग्री की जायेगी वितरित, सामान्य प्रेक्षक एवं कलेक्टर की उपस्थिति में दिया गया प्रशिक्षण**

# निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के सुगम संचालन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com




लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रेनर, पटवारी, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। सभी कर्मचारियों द्वारा सामग्री वितरण एवं जमा कार्य में एकरूपता व समानता होनी चाहिए, इस हेतु प्रशिक्षण पर गंभीरता से ध्यान दे। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री किट में निर्धारित सामग्री उपलब्ध कराई जाये ताकि बिना त्रुटि के मतदान दल रवाना हो सकें।मास्टर टेऊनर्स जोशी ने बताया कि जिले में कोरबा एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव समाग्री का वितरण एवं वापसी आई.टी.कॉलेज झगरहा कोरबा और विधानसभा कटघोरा एवं पाली-तानाखार के लिए शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा से चुनाव सामग्री का वितरण एवं जमा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 6 मई को प्रातः सात बजे से दोनों केंद्रों पर मतदान दलों को सामग्री वितरित की जायेगी तथा 07 मई को शाम सात बजे से सामग्री जमा की जायेगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। जिसमें सेक्टर के आधार पर काउंटर बनाया जाएगा। विधानसभावार एक-एक पूछताछ केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस काउंटर से सामग्री वितरण किया जाएगा उसी काउंटर में सामग्री वापस ली जाएगी।

## 8 उपार्जन केन्द्रों में स्वीपेज प्रावधान के बाद भी धान उठाव शेष

■ कलेक्टर ने एसडीएम को दिए उपार्जन केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टर कक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में उपार्जित धान के निराकरण के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही। कलेक्टर ने खाद्य विभाग, उप आयुक्त पंजीयक, जिला विपणन अधिकारी एवं बैंक के अधिकारियों के संयुक्त बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के कुल 16 धान उपार्जन केन्द्रों में धान का उठाव शेष है, जिनमें से 08 उपार्जन केन्द्रों में स्वीपेज प्रावधान के बाद भी धान उठाव शेष परिलक्षित हो रहा है, ऐसे धान उपार्जन केन्द्रों के भौतिक सत्यापन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को 02 दिवस में किये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा भौतिक सत्यापन में धान की कमी के कारण शासन को होने वाली वित्तीय हानि की वसूली संबंधित समिति के कर्मचारियों एवं सुसंगत व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक रायगढ़ को सख्त निर्देश दिये। शेष 08 उपार्जन केन्द्रों से भौतिक रूप से उपलब्ध धान को 03 दिवस के भीतर उठाव किये जाने के समयावधि निर्धारित की गई है। बैठक में डीआरसीएस सी.एस. जायसवाल, डीएमओ प्रवीण पैकरा, नोडल अपेक्स बैंक पंकज सोढ़ी, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नए मतदाताओं की हुंकार, उपयोग करेंगे अपना मताधिकार

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के नए मतदाता जो पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए भी अधिक उत्सुक हैं। जिले में में 18 से 19 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या 26 हजार 25 है। 18 से 19 वर्ष के नए युवा मतदाता आमतौर पर सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। वे रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। इस बार के चुनाव में भी युवा मतदाता इन मुद्दों को प्राथमिकता देने वाले उम्मीदवारों को चुनने की संभावना है। यदि 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता अधिक संख्या में मतदान में भाग लेते हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो वे चुनाव के परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं। वे ऐसे उम्मीदवारों को चुने जा सकते हैं, जो उनकी जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करते हैं।

**युवा मतदाताओं के लिए चुनौतियां**

युवा मतदाताओं को यह समझना चाहिए कि उनके पास अपने भविष्य को आकार देने की शक्ति है। अपने मताधिकार का प्रयोग करके, वे एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जो उनके लिए और उनके देश के लिए बेहतर हो। छत्तीसगढ़ में युवा मतदाताओं के लिए दो प्रमुख चुनौतियां हैं। पहली चुनौती यह है कि युवा मतदाता अक्सर राजनीतिक प्रक्रिया से जुड़े नहीं होते हैं। दूसरी चुनौती यह है कि युवा मतदाताओं को अक्सर यह नहीं पता होता कि उनके लिए कौन से मुद्दे महत्वपूर्ण हैं। इन चुनौतियों को दूर करने के लिए, दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों को युवाओं को राजनीतिक प्रक्रिया से जोड़ने और उन्हें उनके लिए महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में शिक्षित करने के लिए कदम उठाने होंगे।

**सरकार सबकी उम्मीदो पर उतरे खरा**

गुंडरदेही के वार्ड-13 निवासी बीएससी फाइनल ईयर के छात्र अंकुर झा ने बताया कि वे इस बार पहली बार मतदान करेंगे और वे बेहद खुश हैं। आने वाली सरकार से उम्मीद रखूंगा की आगे पीढ़ी के लिये अच्छी शिक्षा सुविधा प्रदान करे और अपने राज्य को उचित रूप से प्रगति करने के लिए आने वाले सरकार से उम्मीद करता हूँ। साथ ही आने वाली सरकार सबकी उम्मीदों पर खरा उतरे।

**मतदान के लिए औरों को भी करुंगी प्रेरित**

ग्राम टटेंगा निवासी बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा ओमिन सुधाकर कहती है कि वे बहुत ज्यादा खुश और एक्ससाईटेड हूं, फर्स्ट टाइम वोट देने जाना है, मैं कोशिश करूंगी की अपने बड़े बुजुर्गों को प्रेरित करू, मतदान करने। मतदान करने के लिए औरो को भी प्रेरित करूंगी, मैं ऐसा जनप्रतिनिधि चुनूंगी जो अपने क्षेत्र का विकास कर सके। आने वाली सरकार से यही अपेक्षा करती हूं कि चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य कोई भी क्षेत्र हो उसमे अच्छे से विकास कर सके, हमारे क्षेत्र को आगे बढ़ाए।

**ईमानदार प्रतिनिधि चुनूंगा**

ग्राम सिब्दी निवासी आईटीआई छात्र तुकेश्वर साहू ने कहा कि वे पहली बात मताधिकार का प्रयोग कर ऐसा प्रतिनिधि चुनेंगे जो युवाओं के मुद्दों पर बात करे और देश के भविष्य हम युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार दिला सके। भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के लिए मैं ईमानदार जनप्रतिनिधि चुनूँगा। मैं मतदान करने अन्य लोगो को प्रेरित करूंगा, ताकि सभी अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

# जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा -कांकेर लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने कमर कस ली है। प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर अलग अलग जिलों से पदाधिकारियों को बुलाया गया है। इसी तारतम्य में सुकमा जिले के जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष पी.विजय दल्ली राजहरा पहुंचे जहां महावीर जयंती के समारोह में पहुंच कर जैन अनुयायियों को शुभकामनाएं दी साथ ही भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जीवन बीमा निगम से जुड़े अभिकर्ता से मिल कर मोदी जी की गारंटी व वर्तमान में देश मे चल रहे विकास कार्यो को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई। वहीं दल्ली में निवासरत दक्षिण भारत के तेलगु समाज के प्रमुखों से चर्चा के 26 अप्रैल को भोजराज के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

21 अप्रैल को भाजपा सुकमा जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी अपनी टीम के साथ झलमला क्षेत्र के परसोदा पहुंचे। जहां ग्रामीणों के साथ चौपाल लगा कर उनकी समस्या सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने कांग्रेस सरकार के दौरान शुद्ध पेयजल व आवास उपलब्ध न कराने जैसे गम्भीर आरोप लगाये। जिस पर राठी ने मोदी की गारंटी पर भरोसा करने की बात कहते हुए कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ग्रामीणों के विकास को लेकर कटिबद्ध है और जल्द ही पेयजल व आवास की समस्या को दूर किया जाएगा। अपने रात्रिकालीन दौरे के दौरान सुकमा जिले के भाजपा नेताओं ने जगन्नाथ सांकरा में सरपंच ओम प्रकाश साहू के परिजनों से मुलाकात की, इस दौरान वहां उपस्थित महिलाओं ने महतारी वन्दन योजना के तहत मिले लाभ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया साथ ही महिलाओं ने इस बार मोदी की गारंटी पर कमल पर वोट की गारंटी दी।

**हल्दी समारोह में हुए शामिल**

परसदा स्थित कोंटा में पदस्थ रहे कर्मचारी के यहाँ आयोजित हल्दी कार्य म में शामिल हो कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान आयोजित वैवाहिक भोज में शामिल होकर ग्रामीणों के साथ भोजन किया। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए सभी को 26 अप्रैल को भाजपा के भोजराज नाग के लिए मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों ने पिछले 5 वर्षों में भूपेश सरकार द्वारा उपेक्षा करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान ग्राम के उपसरपंच तुमनलाल कौशिक, सुनहेर राम साहू सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# शांतिनिकेतन महाविद्यालय चंगोराभाठा रायपुर के बी. कॉम फाइनल ईयर का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणाम 2023:24 में शांतिनिकेतन महाविद्यालय चंगोराभाठा रायपुर के बी. कॉम फाइनल ईयर के छात्र जयेश रघुवंशी, दुर्गा, संतोष कुशवाहा,, तुषार कुमार साहू, वैभवश्री, लशिका पटेल, प्रीतम कुमार चक्रधारी, इबादत कुजूर, भूपेश पटेल, आशीष चौहान ने परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ देवहूति तिवारी, एवम महाविद्यालय के संचालक श्री मुकेश गुप्ता जी एवम महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको ने परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को उनके अथक प्रयास हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शांतिनिकेतन महाविद्यालय चंगोराभाठा रायपुर में बी. कॉम (प्लेन/कंप्यूटर एप्लीकेशन), बी एस सी, बी सी ए, एम एस सी, पीजीडीसीए, डीसीए की कक्षाएं



संचालित किया जाता है, यहां सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, साइंस विषयो के लैब उपलब्ध है। प्रवेश हेतु संपर्क करने हेतु कार्यालय सुबह 8:00से शाम 6.00 बजे तक खुला रहता है।

# छत्तीसगढ़ के जाने-माने साहित्यकार समयदास अविनाशी, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुरस्कृत

## पुलिस विभाग द्वारा पुरस्कृत विश्व विद्यालय द्वारा पुरस्कृत



पायनियर संवाददाता ‹ पामगढ़
www.dailypioneer.com

इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स होल्डर, वर्ल्ड स्टेज अवॉर्डी, के द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए हैं तत्समय अविनाशी ने उपमुख्यमंत्री को 10 पुस्तकों का एक सेट, साल एवं उनके नाम का फोटोफ्रेम भेंट कर सम्मानित किया, समयदास अविनाशी द्वारा अब तक 36 पुस्तकों का प्रकाशन किया गया है जिसमें अधिकांश पुस्तकें शिक्षादूत ग्रन्थागार प्रकाशन रायपुर से प्रकाशित है। पुस्तकों में प्रत्यर्पण, तेरी डोली, सृष्टिशाश्वत समलित है साहित्यकार ने अपनी लेखनी वर्ष 2000 से प्रारंभ की अविनाशी उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर कार्य कर चुके हैं उनकी साहित्यिक रचनाओं में राम दर्शन ग्रंथ शामिल है जिसमें भगवान राम के व्यक्तित्व एवं कृतृत्व को उभारा गया है अविनाशी ने माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के समक्ष शपथ लिया कि वे भाजपा की रीति नीति पर चलने के लिए संकल्पित है। छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा सीटों पर जीत के साथ नरेंद्र मोदी जी को हैट्रिक सरकार बनाने में जी जान से मेहनत करेंगे। साथ में अविनाशी के नाती गौरव अविनाशी मौजूद थे उस पल खुद उपमुख्यमंत्री जी ने मुस्कुराते हुए स्नेह पूर्वक बच्चे के साथ सेल्फी ली।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सकल जैन समाज के सहयोग से श्री महावीर सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर 21अप्रैल को नगर में सुबह 5.30बजे प्रभात फेरी निकाली गई । जो जैन मंदिर से निकलकर जैन भवन चौक, माइंस ऑफिस चौक ,पेट्रोल पंप चौक ,गुप्ता चौक होते मंदिर में सम्पन्न हुई ।उसके पश्चात सुबह 8 बजे से 9 अत्र विराजित पूज्य म.सा. के सानिध्य मे भगवान महावीर के जीवन के बारे मे प्रवचन हुआ । इसके बाद सुबह 9 बजे भगवान का वरघोड़ा जुलूस निकाला गया जो मंदिर से निकलकर गुप्ता चौक होते हुए बस स्टैंड चौक, रेलवे कॉलोनी दुर्गा मंदिर होते हुए धर्म गली से गुरुनानक मार्केट, ज्ञानू पेट्रोल पंप, माइंस ऑफिस चौक , नगरपालिका , दिगंबर मंदिर होते हुए वापस मंदिर जी पहुंची। जिसमे सैकड़ों की संख्या मे जैन समाज के सदस्य शामिल हुए इसके पश्चात सुबह 11.30 बजे गौतम प्रसादी के पश्चात दोपहर 3.15 से 4 बजे तक जैन दिगम्बर मंदिर में नवकार मंत्र जाप किया गया । शाम 5 बजे जैन दादाबाड़ी में गौतम प्रसादी रखा गया रात्रि 8 बजे परम गुरु भक्त भजन सम्राट सुश्री वंदना पारख द्वारा भक्ति संध्या कार्यक्रम जैन दादा बाड़ी के प्रांगण मे किया गया । सभी कार्यक्रमों मे जैन समाज के सभी लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी कार्यक्रम मे लक्की कूपन रखे गए थे। जिसमे प्रथम सोने की चैन दूसरा पुरस्कार बैटरी वाली हीरो साइकल, तीसरा पुरस्कार 71 ग्राम चांदी का सिक्का, चतुर्थ इनाम 50 ग्राम चांदी का सिक्का रखा गया था। जिसमे प्रथम एवं दूसरा पुरस्कार सुश्री आरना गुणधर, तृतीय पुरुस्कार अनन्य बांठिया एवं चतुर्थ पुरुस्कार श्रीमति कमला बोथरा को प्राप्त हुआ ।अंत में श्री महावीर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा समस्त सकल जैन समाज द्वारा मिले अभूतपूर्व सहयोग के लिए आभार एवं कार्यक्रम के दौरान किसी प्रका से हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगा।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह के मौके पर अदाणी फाउंडेशन ने चलाया गांव के स्कूलों में जागरूकता अभियान



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिले के तिल्दा ब्लॉक में स्थित अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के संयंत्र परिसर में 80 वां अग्नि सुरक्षा सप्ताह 14 से 21 अप्रैल तक मनाया गया। इस अवसर पर सात दिनों तक अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण तथा जागरूकता के लिए कई शिविर आयोजित किये गए। संयंत्र के अग्निशमन विभाग द्वारा अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम रायखेड़ा और तिल्दा के स्कूलों में अग्नि सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूकता एवं अग्निशमन यंत्रों के संचालन तथा उपयोग करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें रायखेड़ा गांव के शासकीय मध्य विद्यालय, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल एवं तिल्दा के कार्मेल पब्लिक स्कूल सहित कुल 300 बच्चों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस अभियान में निबंध, चित्रकला इत्यादि सहित कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस दौरान प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों, संविदा कर्मी एवं मजदूरों ने भाग लिया। उक्त प्रशिक्षण एवं जागरूकता अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के फायर विभाग के श्री सूरज कुमार एवं टीम द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संयंत्र के अंदर तथा गांवों में ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को अग्नि से सम्बंधित सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था। अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा आसपास के 14 ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों के तहत शिक्षा,स्वास्थ्य,आजीविका संवर्धन और अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वहीं ब्लॉक के मेधावी छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए नवोदय कोचिंग भी चला रहा है जिसमें इस वर्ष सात बच्चों सहित अब तक 30 से अधिक बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय, रायपुर में चयनित होकर कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक की पढ़ाई निःशुल्क कर रहे हैं।

# दुर्ग लोकसभा में 25 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभ्यर्थियों को किए प्रतीक चिन्ह आबंटित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अंतर्गत नाम वापसी के अंतिम तिथि को समय समाप्ति उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं अन्य अभ्यर्थियों को चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया। संसदीय क्षेत्र दुर्ग के लिए 25 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी को हाथी चुनाव चिन्ह, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ और विजय बघेल भारतीय जन्ता पार्टी को कमल चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। इसी प्रकार डॉ. अंजू केमे एकम सनातन भारत दल को बांसुरी, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया को कोट, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को एयरकंडीस्नर, राकेश साहू न्यायधर्मसभा को हीरा, विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी को सिलाई की मशीन, शीतकरण महिलावार आजाद समाज पार्टी को केतली, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी, श्याम सुंदर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी को बाल्टी, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) को गैस सिलेंडर, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। इसी क्रम में अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय को बल्ला, अरूण जोशी निर्दलीय को लिफाफा, अली हुसैन सिद्दकी निर्दलीय को सीटी, अशोक जैन निर्दलीय को माचिस की डिब्बी, खिलानंद जसपाल निर्दलीय को गन्ना किसान, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय को टॉफियां, बलदेव साहू निर्दलीय को कॉच का गिलास, भागबली सिवारे निर्दलीय को अलमारी, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय को ब्लैकबोर्ड, संतोष कुमार मारकण्डे निर्दलीय को सेब, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय को कम्प्यूटर और डॉ. हरिशचंद्र साहू निर्दलीय को ऑटोरिक्शा चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है। लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी श्याम सुंदर साहू और शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी सविता शैलेन्द्र बंजारे द्वारा गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह को प्रथम वरीयता दिए जाने पर इसका फैसला लॉटरी निकालकर किया गया। जिसमें गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) के नाम पर लॉटरी निकली। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गैस सिलेण्डर प्रतीक चिन्ह सविता शैलेन्द्र बंजारे को आबंटित की गयी।

# सुखाताल और करमतरा में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के आदेशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी हैं। जिन क्षेत्रों में पिछले चुनाव में 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हैं, वहा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत आज जनपद पंचायत बेमेतरा एवं नवागढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत करमतरा और सूखाताल मे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी एल धुर्वे अपने स्टाफऔर सचिवो के साथ पहुंचकर बुजुर्ग मतदाता एवं पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं का नारियल एवं फूल चावल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों कों। मई को वोट डालने निमंत्रित किया साथ ही मतदाताओं को शपथ भी दिलाया गया। शपथ पश्चात ग्रामो मे भ्रमण कर घर घर जाकर पीला चावल और फूल देकर 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने निमंत्रण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में एडीशनल सीईओ भरत बंजारे, बीपीएम एवं बड़ी संख्या में सचिव गण और बिहान केडर के सद्स्य स्वयं सहायता समूह के महिलाएं उपस्थित रहे।

# जिले के लिए सामान्य प्रेक्षक से मोबाइल पर कर सकते है सपंर्क

**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) श्री एस. बी. शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) को नियुक्त किया गया है। शेट्टीनावर से राजनीतिक दल, और आम जनता सामान्य उनके मोबाइल नंबर 7647046210 पर संपर्क कर सकते है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर वत्सला क्वीन्स ने पसंदीदा मिठाइयों से बालवाड़ी आंगनवाड़ी के बच्चों को लुभाया




पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मंगलवार को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा परमो धर्म केसंकल्प पर कार्य कर रही वत्सला संस्था ने हनुमान जन्मोत्सव पर बालवाडियो और आंगनवाड़ियों के बच्चों के बीच बच्चो के पसंदीदा जलेबी, बूंदी आदि मिठाइयों का वितरण कराया साथ ही कृषि उपज मण्डी समीप पीपल हनुमानजी मन्दिर समिति के तत्वाधान में भंडारे का भी आयोजन किया। मुड़पार, खामडीह, चोरभट्टि आदि आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह 9बजे जब मिठाई वितरण किया गया तो बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई,जय श्री राम के जयकारे से सभी केंद्र गूंज उठा । इस आयोजन में विशेष रूप से वत्सला संस्था की स्वीटी सलूजा, निवेदिता जोशी,पूजा राठी, रीना साहू, पार्वती दुबे, रानी दुबे, सपना शर्मा, नेंसी खुराना ,और रेनू राठी की पूर्ण सहभागिता रही।

# रायपुर जिला प्रशासन का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

## मॉडल अधीर-जया भगवानानी के साथ सीनियर सिटीजन, कपल्स, युवा वोटर करेंगे रैम्प वॉक

**स्वीप संध्या का आयोजन 26 अप्रैल की शाम मरीन ड्राईव तेलीबांधा में**

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने संचालित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार 26 अप्रैल की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वीप संध्या÷ का आयोजन किया जा रहा है। प्रख्यात मॉडल अधीर भगवानानी और जया भगवानानी का रैम्प वॉक इस अवसर पर होगा, यही नहीं अविवाहित, विवाहित, वरिष्ठ मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही साथ तीन पीढ़ियों के सदस्य रैम्प वॉक कर सभी को मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या की शुरूआत मरीन ड्राईव तेलीबांधा में शाम 06:30 बजे होगी। युवा वोटर्स, अविवाहित, नववधू, तीन पीढ़ियों का




प्रतिनिधित्व करने वाले दादी, माँ, बेटी और दादा-दादी एवं पोता, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरूष व महिला मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग इस स्वीप संध्या में के रैम्प वॉक के प्रतिभागी होंगे। इसके लिए निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष के अविवाहित मतदाता, 01 वर्ष की नवविवाहिता मतदाता के साथ महिला पुरूष मतदाता वर्ग में पृथक-पृथक एक साथ तीन पीढ़ियां व ट्रांसजेंडर्स एवं दिव्यांग मतदाता रैम्प वॉक कर मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या में भाग ले रहें प्रतिभागियों को शाम 05 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए कहा गया है। रायपुर जिला प्रशासन के इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में कोई भी प्रतिभागी पंजीयन करा सकते है। इसके लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे- फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम में स्वीप संध्या संबंधी क्रिएटिव में प्रदर्शित क्यू-आर कोड स्कैन कर अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। विशेष प्रदर्शन कर मतदान जागरूकता का संदेश देने वाले प्रतिभागियों को जिला प्रशासन रायपुर द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। स्वीप संध्या से संबंधित अधिक जानकारी के लिए महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी रितु परिहार दूरभाष क्रमांक 62667-94466 एवं अनुपमा तिवारी 98271-87140 से संपर्क कर सकते है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पिथौरा जिला - महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क. अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम - कटंगतराई, प.ह.नं 55
रा.नि.मं - देवरी, तहसील पिथौरा

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सनत पिता दैतारी निवासी ग्राम ढोढरकसा, तहसील पिथौरी, जिला महासमुन्द के द्वारा अपने भूमि स्वामी एक की ग्राम-ढोढरकसा. प.ह.न. 55 रा.नि.मं. देवरी, तहसील पिथौरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 251 रकबा 0.07 है. में से रकबा 0.02 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदित भूमि को **व्यवसायिक प्रयोजन** हेतु व्यपवर्तन करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई पाला / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाशक के माध्यम से पेशी तारीख 02.05.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पिथौरा -जिला महासमुंद (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार**
**जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202404031400011/अ-21/2023-24

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित ग्राम जशपुर, प0ह0न0-07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल जैन आ. स्व. नागरमल जैन जाति-जैन निवासी ग्राम- जशपुरनगर कॉलेज रोड जशपुर तहसील व जिला जशपुर के द्वारा मो.नं. 9424190329 ग्राम-जशपुर, प.ह.नं.07 में स्थित भूमि खसरा नं. 365/13 रकबा 0.034 है. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन पत्र पेश किये जाने एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर के माध्यम से इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनाँक 09.05.2024 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 22.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

# प्रचार से ज्यादा स्मार्टफोन, टीवी पर मिल रही अपडेट : दूर-दराज के गांवों में प्रचार अभियान धीमा, डिबेट और मोदी के भाषण सुन रहे लोग





- **कहीं मतदाता पर्चियां बंट रहीं, कहीं अभी तक कोई प्रचार नहीं... भ्रष्टाचार, घोटाले के मामलों पर जनता की नज़र**

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आखिरी दौर के चुनावी अभियान में प्रत्याशियों ने पूरा जोर लगा दिया है। इधर, तकरीबन महिने भर के चुनावी माहौल के बीच वोटर अब अपनी मानसिकता बना रहे हैं। लोकसभा चुनाव में शहरी और ग्रामीण वोटों पर ही सीधा फोकस है। जातीय समीकरण जैसे पहलुओं का असर इसमें दिखाई नहीं देता। चुनाव में मतदाता काफी कुछ टटोल रहे हैं। कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत ग्रामीण इलाकों में झोंक दी है। उन्हें इन्हीं मतदाताओं से वोट की उम्मीद है। दूसरी ओर भाजपा शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में पूरा जोर लगा रही है। प्रचार अभियान की बात करें तो भी भाजपा की रणनीति बेहद आक्रामक रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सीएम विष्णुदेव साय ने संतोष पांडे का ग्राउंड मजबूत किया है। कांग्रेस इस मामले में पिछड़ गई है। भूपेश बघेल के पक्ष में इकलौती सभा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने की है। कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जैसे नामों का भी प्रचार अभियान से दूर रहना हैरान करता है। भूपेश के करीबी संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हैं।

### मोदी को सुनते हैं, प्रचार अभियान कमजोर

चुनावी अभियान तेज गति से चल रहा है। खुज्जी विधानसभा के वनांचल के ग्राम पंडरापानी में पायनियर ने लोगों से चुनावी अभियान को लेकर चर्चा की। विस चुनाव और लोस चुनाव में क्या अंतर दिखता है.. इस सवाल पर यहां के चंद्रहास, युकेश्वर, अनिल कहते हैं, विस में जैसा चुनाव प्रचार होता है वैसा इस लोकसभा चुनाव में नहीं दिखता। पिछले दिनों भाजपा वाले यहां आए थे। अपनी योजनाओं के बारे में बता के गए हैं। कांग्रेस के नेता गांव में नहीं दिखे। इन लोगों ने कहा कि भाजपा ने पूरा जोर लगाया है। मोदी जी को टीवी और मोबाईल में सुनते हैं। बीजेपार, कुहीकला, बखरुटोला जैसे दूरस्थ गांवों में भी प्रचार अभियान को लेकर सवाल पर ग्रामीण कांग्रेस के नेताओं के सक्रिय न होने की बात कहते हैं। यहां के रामप्रसाद, पुरुषोत्तम और उजियार बोलते हैं, इस विधानसभा से कांग्रेस जीती है। विधायक का चुनाव के बाद से दिखना कम हो गया है। भाजपा की यहां पहुंच कैसी है.. इस पर वे कहते हैं, रविंद्र वैष्णव यहां आते रहते हैं। भाजपा के ज्यादा नेता तो यहां नहीं पहुंचते। गांव में भाजपा-कांग्रेस के झंडे भी नहीं के बराबर दिखते हैं लेकिन दोनों की तुलना करें तो भाजपा यहां भी प्रचार में आगे दिखती है।

### संतोष का नाम किसी घोटाले में नहीं सुना

डोंगरगांव विधानसभा के गांव खुर्सीपार, बड़गांव, सांगिनकछार में भी प्रचार अभियान कुछ खास नहीं नज़र आता। दोपहर की तपती धूप में कुछ ग्रामीण एक दुकान पर नज़र आते हैं। ये तीनों ही गांव अलग-अलग दिशाओं में हैं। ग्रामीण कहते हैं, प्रचार ठंडा है। भाजपा के कुछ लोग यहां आए थे और पर्चे बांटकर गए हैं। मतदाता पर्ची भी यहां भाजपा बांट रही है। कांग्रेस की भी मतदाता पर्ची आएगी शायद। अभी इसके बारे में पता नहीं है। बड़गांव में राजेश्वर, मोहन प्रत्याशियों को लेकर किए गए सवाल पर कहते हैं, भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे तब के घोटालों के बारे में सुन रहे हैं। यहां मौजूद एक कॉलेज का छात्र पीएससी घोटाले की बात कहता है। किसान ने बताया कि, जो जैविक खाद मिला था उसमें बहुत कंकड़-पत्थर थे। संतोष पांडे के बारे में ग्रामीण कहते हैं वो यहां नहीं आए। उनका नाम किसी घोटाले में भी नहीं सुना। इनमें से एक ग्रामीण तुरंत ही कहता है, भाजपा का चेहरा तो वैसे भी नरेंद्र मोदी है।

### विधायक से भी नाराजगी

डोंगरगढ़ विधानसभा के करेला, कन्हारगांव, विक्रमपुर में भी पायनियर की टीम ने लोगों से बात की। विस के इन दूरस्थ गांवों में नेताओं को पहुंचना मुश्किल लगता है। कन्हारगांव का इलाका तो जंगल से घिरा हुआ है। यहां के लोग प्रचार अभियान के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता पाते। लेकिन गांव-गांव में स्मार्टफोन और टेलीविजन से चुनाव का माहौल लोग भांप रहे हैं। वि मपुर में महेश्वर बताते हैं कि वो नेताओं की डिबेट देखते हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस भाजपा के नेता यहां नहीं पहुंचे।

आसपास के नेता यहां आते हैं पर्चे बांटते हैं। भाजपा वाले कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार पर बात कर रहे हैं। कांग्रेसी कहते हैं एक लाख रुपए महिलाओं को मिलेगा। वो कहते हैं, कांग्रेस विधायक को लेकर क्षेत्र में नाराजगी है। आगे पता नहीं क्या होगा।

## भाजयुमो की विशाल रैली ने की सीएम की अगवानी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में सोमवार को शहर में एक के बाद एक चार सभाएं की। उनके यहां पहुंचने पर भाजयुमो के विशाल जुलूस ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री के कारवां के साथ चल रहे सैकड़ों युवाओं ने रैली की शक्ल में उनकी अगवानी करते हुए शहर भ्रमण किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि, सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव शहर में 4 सभाएं की। देर शाम इस आयोजन में जिला भाजयुमो के पदाधिकारियों सहित शहर के उत्तर-दक्षिण और ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। भाजयुमो की यह रैली नंदई, लखोली, चिखली और आखिर में मोतीपुर पहुंची। इन स्थानों पर जनसभा में सीएम विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को बहुमत से जीताने की अपील लोगों से की।

## घर-घर हल्दी चावल देकर दिया जा रहा आमंत्रण

### हल्दी चावल से आमंत्रित करने की शुरूआत रेल्वे कॉलोनी डोंगरगढ़ से किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




जिले के मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए जिला प्रशासन द्वारा घर-घर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। हल्दी चावल का उपयोग भारतीय संस्कृति में बहुत ही अच्छा माना गया है। भारतीय संस्कृति में हर कार्यक्रम व त्यौहारों में पीले चावल में निमंत्रण दिया जाता है। इसलिए स्वीप टीम द्वारा हल्दी चावल यानी कि पीले चावल बांटे जा रहे हैं।

ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने पहुंचे और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शामिल हो सके। सीएमओ डोंगरगढ़ द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर हल्दी चावल देकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिससे नागरिक मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपना बहुमूल्य वोट दे सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरुचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने सीएमओ डोंगरगढ़ के द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में टीम बनाकर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने रेल्वे कॉलोनी डोंगरगढ़ के घर-घर जाकर आमंत्रित करने की शुरूआत किया है। डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्वीप टीम द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर घर-घर जाकर हल्दी चावल देकर मतदान कर देश के सबसे बड़े पर्व में शामिल होने निमंत्रण दिया जा रहा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें लोकतंत्र की महत्ता के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। मतदान केन्द्र में पेयजल, छांव सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी जनसामान्य को दी जा रही है।

## कॉल में मिला ऑफर, मुनाफे के फेर में फंसकर 6 लाख की ठगी

### महिला ने पुलिस में दर्ज कराई एफआईआर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एबीस ग्रुप की एक महिला कर्मी से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। फर्जी नंबर से कॉलर ने महिला को मार्केटिंग से जुडक़र मुनाफा कमाने का झांसा दिया। अच्छा प्रस्ताव देखकर महिला कर्मी ने कॉलर की बातों में आकर पौने छह लाख रुपए खाते में डाल दिए। बाद में महिला को ठगी होने का अहसास हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर की रहने वाली तन्नू बहल स्थानीय इंदामरा स्थित आईबी ग्रुप में कार्यरत है। 13 अप्रैल को पार्ट टाईम जॉब का ऑफर देते हुए कॉलर ने पीड़िता से संपर्क किया। जिसमें ई-कामर्स एवं टेलीग्राम के जरिये कार्य करने के एवज में 30 से 90 प्रतिशत की राशि बढ़ाकर देने का झांसा दिया गया। कॉलर ने वाट्सअप पर 16 अप्रैल को पीड़िता के मोबाइल में टेलीग्राम लिंक भेजा। 19 अप्रैल को पीड़िता के खाते में काम करने के एवज में कुछ रकम भी आया। इसके बाद अज्ञात कॉलर ने अलग-अलग किस्तों में महिलाकर्मी से अपने खाते में रुपए डलवाए। इस बीच कॉलर द्वारा काम करने के लिए महिला कर्मी को कई तरह के आदेश देना भी जारी रहा। हर कुछ दिनों के अंतराल में अलग-अलग वजह बताते हुए महिला से रकम खाते में जमा कराए गए। जब महिला को यह समझ आया कि उसके साथ ठगी हुई। रुपए वापस मांगने पर कॉलर ने इंकार कर दिया। उसके बाद से कॉलर का मोबाइल भी बंद है। महिलाकर्मी ने कुल 5 लाख 86 हजार 700 रुपए अज्ञात कॉलर के खाते में जमा करा दिए। लालबाग पुलिस से महिला ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मतदान के पहले और बाद की जिम्मेदारियां समझाई

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सेक्टर अधिकारियों की बैठक हुई। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान दिवस एवं एक दिन पूर्व व मतदान समाप्ति के बाद में किए जाने वाले संपूर्ण दायित्व और गतिविधियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपनी संपूर्ण देख रेख में जिम्मेदारी से मतदान कार्य को संपन्न करायेगें। बिना किसी तनाव के संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने कहा गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने सेक्टर अधिकारियों के दायित्व एवं कर्तव्य की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन एवं पुलिस के सेक्टर अधिकारी दोनों संयुक्त रूप से अपने सभी निर्धारित मतदान केंद्रों का अंतिम रुप से निरीक्षण कर लेवें। मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था का एक बार पुनः मूल्यांकन कर लेवे। बैठक में बताया गया कि मतदान दिवस पर सभी सेक्टर अधिकारी मतदान केंद्रों में चल रहे सभी प्रकार की गतिविधियां, कार्यवाही का मुआयना करते हुए कंट्रोल रूम को अनिवार्य रूप से सूचना दें। मतदान केंद्र की सभी गतिविधियों पर नजर रखते हुए निर्वाचन कार्य को संपन्न कराएंगे।

**घटना की जानकारी तुरंत दें-** बैठक में बताया गया कि सामग्री वितरण के उपरांत सभी मतदान दल एक निश्चित समय पर अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित हो जाएं। किसी मतदान केंद्र में अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर मतदान केंद्र में तैनात सुरक्षाकर्मी को निर्देशित करते हुए स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। संबंधित घटना की जानकारी अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग के अनुभाग स्तर के अधिकारी को इसकी सूचना अवश्य दें। बैठक में यह भी बताया गया कि मतदान दिवस पर मतों की प्रतिशत हर 2 घंटे में कंट्रोल रूम कों सूचना दें।

### दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए दिव्यांग रथ की नि:शुल्क व्यवस्था

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को दिव्यांग रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर से दिव्यांग रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लखनीय है कि चिन्हांकित दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोडऩे के लिए दिव्यांग रथ की निःशुल्क परिवहन व्यवस्था रहेगी। दिव्यांग रथ को 1950 नंबर में कॉल कर बुक किया जा सकता है।

## अनोखे अंदाज में प्रचार करने निकले निर्दलीय प्रत्याशी



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली भगवान शिव का भेष धर वोट की अपील करने लोगों के बीच पहुंचे। कवर्धा के रहने वाले अजय उर्फ बाबा पाली.. अपने इलाके में समोसे वाला के नाम से जाने जाते हैं। मंगलवार को अजय पाली ने खुद को कांग्रेस-भाजपा का विकल्प बताते हुए राजनांदगांव के बाजार इलाके में लोगों से वोट की अपील की। अलग अंदाज में निर्दलीय प्रत्याशी के प्रचार के इस तरीके ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान होना है। यहां भाजपा से सिटिंग एमपी संतोष पांडे प्रत्याशी हैं। वहीं कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है।

**साहू समाज के पदाधिकारियों ने पूर्व सीएम के खिलाफ खोला मोर्चा**

## साहू संघ के पदाधिकारियों ने भूपेश की घोषणाओं को कोसा, कहा : उन्होंने समाज को ठगा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



संरक्षक नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष नीरा साहू, उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, संगठन सचिव महेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तुमड़ीबोड इन्द्रसेन साहू ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मुख्यमंत्री व लोकसभा के प्रत्याशी भूपेश बघेल के वायदों से से सावधान रहने की अपील की है। साहू समाज के पदाधिकारियों ने जारी बयान में भूपेश बघेल पर ठगने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि, साहू समाज को कर्मा जयंती 2022 में पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू के कार्यकाल के दौरान बतौर मुख्यातिथि आमंत्रित रहे जिसमे सामाजिकजन शाम 7 बजे तक मुख्यमंत्री का इंतजार कर रहे थे। कार्यक्रम में नहीं आने पर समाज के सभी लोग नाराज हो गए थे। इसके बाद राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त संदीप साहू तेलीघानी बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष को व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विधयक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, छुरिया विधायक छन्नी साहू ने एक प्रतिनिधिमंडल को भूपेश बघेल के बुलावे पर रायपुर लेकर सीएम हाउस गए। इस बैठक में अध्यक्ष कमलकिशोर साहू, महामंत्री-उपाध्यक्षों सहित सामाजिक पदाधिकारी 30 से 40 लोग उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने कहा कि - तब भूपेश बघेल ने समाज के लिए 50 लाख का सामाजिक भवन की घोषणा की थी और तत्काल पूरा करने आदेशित भी किया। स्वीकृत आदेश आया भी परंतु इस पर कोई काम नही हुआ। साथ ही वर्तमान जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू व नव निर्वाचित व मनोनीत पदाधिकारी के शपथ ग्रहण नवम्बर 2022 में फिर एक बार समाज के मंच में बतौर मुख्यातिथि सामाजिक मंच से 1 करोड़ की घोषणा आडोटोरियम के लिए उन्होंने की। इसके बाद डोंगरगढ़ तहसील साहू के लिए 30 लाख व डोंगरगांव तहसील साहू के लिए 30 लाख भवन की घोषणा भी इनके द्वारा की गई थी। लेकिन ये सारी घोषणाएं धरी की धरी रह गईं और समाज को कुछ हासिल नहीं हुआ। सामाजिकजनों ने कहा कि - घोषणा वीर पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने समाज को कई दफा ठगने का काम किया। सामाजिक पदाधिकारी ने लोकसभा प्रत्याशी और समाज को ठगने वाले से सवाल किया है कि किस मुंह से आप राजनंदगांव से चुनाव में हमारे समाज के लोगों से वोट मांगेंगे। आपने एक बार नहीं दो बार नहीं तीन-तीन बार सिर्फ ठगा है। उन्होंने अपील की है कि - राजनांदगांव जिले के सामाजिक मतदाता को भूपेश ठगने के लिए राजनंदगांव में चुनाव लड़ रहे है। उनसे सावधान रहें। समाज को ऐसे लोगों से बचाने की अपील पदाधिकारियों ने की है और लोकतंत्र के महा पर्व में सामाजिकजनो को अपना मतदान सब कामों को छोड़ पहले करने की अपील किया है। यह बयान संयुक्त रूप से सामाजिक पदाधिकारियो ने जारी किया है जिसमे डॉ नीरेंद्र साहू, कमल किशोर साहू, नोबल साहू, नीरा साहू, महेश्वर साहू, विवेक साहू, महेंद्र साहू, कन्हैया साहू, दिनेश साहू, इन्द्रसेन साहू शामिल हैं।

## मतदान के क्षेत्र में राजनांदगांव जिले को अव्वल बनाएं : मृणाल चौबे

### अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने शत-प्रतिशत मतदान की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं मतदाता जागरूकता अभियान राजनांदगांव के ब्रांड एंबेसडर मृणाल चौबे ने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं, जो भारत में रहते है। इस समय पूरे देश में मतदान दिवस मनाया जा रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

राजनांदगांव जिला कला, संस्कृति, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में अव्वल है। जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान के क्षेत्र में भी राजनांदगांव जिले को अव्वल बनाएं। उन्होंने कहा कि मैं अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर राजनांदगांव जिले को मतदान के क्षेत्र में अव्वल बनाने का आग्रह किया है।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर रहा म्यूजिकल नाईट विथ स्वीप कार्यक्रम

# जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्वरूपों में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया भव्य, आकर्षक एवं रंगारंग समापन

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com









मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में यातायात कार्यालय के सामने में आयोजित म्यूजिकल नाईट विथ स्वीप कार्यक्रम मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से साराबोर रहा। रात के दुधिया रोशनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता पर आधारित छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं देशभक्ति से ओतप्रोत बेहतरीन एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अलावा कविता पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में कला केन्द्र बालोद के अलावा डौंडी एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा जिले के लब्ध प्रतिष्ठित कलाकारों के द्वारा भरथरी गीत, आदिवासी रेला नृत्य, ओड़िसी नृत्य आदि विभिन्न कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक भाव विभोर हो गए। इस कार्यक्रम के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों एवं सुदूर अंचलों में लगातार विभिन्न स्वरूपों में आयोजित किए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान का भव्य, आकर्षक एवं रंगारंग समापन किया गया।

**मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई**– उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में अलग-अलग माध्यमों से आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के सरदार पटेल मैदान में बेहतरीन स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता के अलावा डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम बड़गांव में भव्य एवं रंगारंग स्वीप होली का आयोजन किया गया। इसी तरह आदिवासी बाहुल्य डौंडी ब्लॉक के ग्राम आमाडुला में आदिवासी संस्कृति पर आधारित तथा गुरूर ब्लॉक के ग्राम बोहारा में विशाल संख्या में बैलगाड़ी निकालकर तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति से ओतप्रोत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्थानों में अलग-अलग स्वरूपों में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से आम जनता एवं मतदाताओं को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देकर उन्हें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के लिए प्रेरित किया गया। जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित अंतिम मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत म्यूजिकल नाईट विथ स्वीप कार्यक्रम के अवसर पर नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा भव्य एवं विशाल स्वीप दीया का प्रज्ज्वलन तथा कैण्डल मार्च निकाल कर जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

**केंद्रीय रिज़र्व बल के 100 जवान हुए शामिल, रहा आकर्षण का केन्द्र**–इस अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के जय स्तंभ चौक से घड़ी चौक तक कार्यक्रम में विशाल संख्या में उपस्थित लोगों के द्वारा स्वीप कैण्डल मार्च निकाला गया। इस स्वीप कैण्डल मार्च में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एडिनशल एसपी अशोक जोशी, एसडीएम शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर तरूणा साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों के अलावा स्कूली विद्यार्थी, रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्य, बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा केन्द्रीय रिजर्व बल के 100 सशस्त्र जवान भी शामिल हुए। जो कि कार्यक्रम के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम में विशाल संख्या में स्वीप दीया का भी प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारियों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित उपस्थित लोगों ने स्वीप दीया जलाकर जिले के मतदाताओं को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया।

**कलेक्टर ने स्वीप नोडल के प्रयासों की सराहना की**–इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित इस बेहतरीन म्यूजिकल नाईट विथ स्वीप कार्यक्रम की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं को उनके मताधिकार के महत्व की जानकारी देकर उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु जिले के विभिन्न स्थानों में अलग-अलग स्वरूपों में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।
इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का भव्य एवं रंगारंग समापन किया जा रहा है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जिले में आयोजित लगातार स्वीप कार्यक्रमों के फलस्वरूप आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान जिले के मतदान प्रतिशत में आशातीत वृद्धि होगी। इस अवसर पर उन्होंने जिले में विभिन्न स्वरूपों में बेहतरीन स्वीप कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के बेहतरीन प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना भी की। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उपस्थित सभी लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, तहसीलदार सुश्री दीपिका देहारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत् प्रतिशत मतदान करने का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में समस्त टीचर्स एवं स्टॉफ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत शत् प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता के लिए एक अनूठी पहल करते हुए विशेष पोशाक में उपस्थिति देते हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत् प्रतिशत मतदान हेतु वोटर्स को प्रेरित करने संकल्पबद्ध हुए और मेरा वोट,मेरी पहचान, शत- प्रतिशत करना है मतदान'' को सार्थक बनाने प्रयास किया। इस खास अवसर पर प्राचार्य मनोज पटेल,व्याख्याता लता साहु, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ,नरेश पटेल, मीना एस.प्रकाश, सुब्रत प्रधान, जलंधर वर्गे, दिनेश कर, प्रवीण तिवारी, रेखा पुरोहित, उमा नायक, हरिश चौधरी, ज्योति सलूजा, लक्ष्मी चौधरी, मंजिला चौधरी, मौसमी माथुर, शिवेंद्र सिंह सोनवानी, साकेत राजवाड़े, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, शिक्षिका रश्मि राजा,शिक्षक श्याम सुन्दर दास, शिक्षक विनोद कुमार चौधरी, गजानंद प्रधान, विशिकेशन नैरोजी, हिमाद्री प्रधान, प्रधान पाठक आशा शर्मा, सहायक शिक्षक एल.बी. पात्रो, नेतराम पटेल, धनपत सिदार, भारती सिदार, शोभाराम भोई, नेहा दास साहु, गुलाब चौहान, अक्षय भोई, सविता सिदार, घसियाराम चौहान, गीती बरिहा, गोमती बरिहा, केशव प्रसाद चौहान आदि की उपस्थिति रही।

# प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## मतदान केन्द्रों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने आज विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गरियाबंद, मालगांव एवं बारूका के मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने बीएलओ से मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका पुस्तिका वितरण की जानकारी ली। इस पर बताया गया कि मतदान पर्ची का वितरण मतदाताओं को किया जा चुका है। इसके अलावा मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। प्रेक्षक अग्रवाल ने मतदाताओं को आसानी से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिले, इसके लिए मतदान केन्द्र के बाहर सूचना बोर्ड प्रदर्शित करने एवं बाउंड्रीवाल पर भी लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता सूची का मिलान कर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। मतदान केन्द्रों पर महिला एवं पुरूष शौचालय की अलग - अलग व्यवस्था सुनिश्चित कर साफ - सफाई कराये। तथा उसकी जानकारी भी मतदाताओं को अवश्य दे। इसके अलावा मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, छाया आदि क्रियाशील रहे, इसका भी ध्यान रखे। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, मतदान का समय, कुल मतदाता, महिला-पुरूष, मतदान केन्द्र का नाम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम भी अंकित हो तथा दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प व मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।

# जिले में बुधवार 24 अप्रैल शाम 6 बजे से थम जाएगा चुनावी प्रचार-प्रसार का शोर

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन - 2024 के तहत जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के लिए सभा, रैली, जुलूस इत्यादि प्रचार - प्रसार की समय सीमा मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व तक की होती है, जो कि बुधवार शाम 6:00 बजे तक है। इसके उपरांत किसी प्रकार की चुनावी रैली, लाउडस्पीकर आदि वर्जित रहेंगे। चुनावी प्रचार - प्रसार का शोर थम जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने बताया कि जिले के चिन्हांकित 9 मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में चुनाव प्रचार बुधवार दोपहर 3:00 बजे तक एवं शेष 546 मतदान केन्द्रों में चुनाव प्रचार बुधवार शाम 6:00 बजे तक ही किया जा सकता है। मतदान दिवस पर एक प्रत्याशी को उनके आवेदन के आधार पर अधिकतम तीन वाहनों के प्रयोग की अनुमति होगी। जिसमें से एक स्वयं के लिए, एक एजेंट के लिए, एक कार्यकर्ता के लिए यह केवल मतदान दिवस पर अनुमति होगी। मतदाताओं के आने-जाने हेतु प्रलोभन पर प्रतिबंध होगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे में राजनीतिक प्रचार वर्जित होगा। मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में प्रचार बैन - प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की पोस्टर, बैनर मतदान केंद्र के 100 मीटर परिधि में नहीं होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आवश्यक सेवाओं जैसे हॉस्पिटल वाहन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर आवश्यक विद्युत सेवा, पुलिस वाहन एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदाताओं के सहयोग के लिए बीएलओ को मतदान केन्द्र के बाहर तैनात किया जाएगा।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा का भूपेश पर बड़ा हमला

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने आज कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पूर्व अधिकारी सौम्या चौरसिया की गिरफ़्तारी पर वे खामोश क्यों है? बार-बार सौम्या चौरसिया की जमानत रद्द हो रही हैं वह आपकी उपसचिव रही हैं ऐसे यह संभव ही नहीं हैं की इस भ्रष्टाचार में आप लिप्त नहीं हैं। वर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल बताए छत्तीसगढ़ की गरीब जनता से हुई लूट में कितना प्रतिशत भूपेश बघेल का हैं, और कितना प्रतिशत सौम्या का, भूपेश बघेल बताए? चाहे नवाज खान हो या सौम्या चौरसिया या फिर अनिल टूटेजा या फिर विनोद वर्मा या आपके विभाग के अधिकारी समीर विश्नोई ये सभी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में या तो जेल में हैं या तो बेल पर और इनसे आपका सीधा संबंध रहा है तो क्या आप इन सबके ऊपर लगे आरोपों में हिस्सेदार नहीं हैं? उन्होंने भूपेश बघेल से सीधा प्रश्न किया कि अगर हिस्सेदारी नहीं है, तो इन सबकी वकालत क्यों की? लगातार आपके बयान आते रहें की आप इनके साथ में खड़े रहें। जब शुरुवाती दौर में सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई की गिरफ़्तारी हुई तब आपने चीख-चीख कर उनके निर्दोष होने के दावे किए लेकिन आज लगभग 16 से 18 महीने हो गए उन्हे कोर्ट ने जमानत नहीं दी हैं,अब मौन क्यो है? मुख्यमंत्री रहते अपनी ही जनता से लूट पर अपने कार्यवाही करने की जगह भ्रष्टाचारियों का साथ दिया क्या आप इस पर शर्मिंदा नहीं हैं? यह सवाल करते हुए भरत वर्मा ने कहा ये सभी तथ्य बताते हैं की छत्तीसगढ़ के आदिवासियों, अनुसूचित जाति के साथियों पिछड़े वर्ग के लोगों के हक पर जो डाका डाला गया, उसमें भूपेश बघेल भी एक पार्टनर रहे, ऐसे में भूपेश बघेल को वोट देना यानि छत्तीसगढ़ को लूटने वाले नवाज खान, सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई को वोट देना।

# तिल्दा में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास महाभण्डारा, महाप्रसादी वितरण के साथ संपन्न हुआ





पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के ग्राम पंचायत तिल्दा में विराजमान संकटमोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास, भव्य कलश शोभायात्रा के साथ मनाए गए ।गांव के गलियारों में कलश शोभायात्रा देखने ग्रामीण उमड़े रहे।जय कारे घोष के साथ कीर्तन मण्डली डोंगरा की टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किये।श्री कैवर्त यंहा विराजमान भगवान श्री संकट मोचन के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्री कैवर्त एवं उनके परिवार ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाभण्डारा एवं महाप्रसादी वितरण भी कराए गए।इस अवसर पर हितेंद्र ठाकुर जिला अध्यक्ष कांग्रेस क मे टी बलौदाबाजार,थाना लवन से स्टॉफ प्रधान, सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रहा।वहीं श्री कैवर्त के परिवार में उनके पत्नी, सुपुत्र ध्रुव कैवर्त त्रेयशउनके बड़े भईया संतोष कैवर्त सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रहा।पुरोहित पण्डित श्री भूषण दुबे का भी विशेष योगदान रहा।

# डीएवी जांता में दो दिवसीय ऑनलाइन पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता के साथ विभिन्न आयोजन

- डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में ऑनलाइन विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विश्व पृथ्वी दिवस पर डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में के छात्रों ने एक स्कूल थीम साँसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाये हम हर साल वर्ल्ड अर्थ डे को एक थीम के साथ मनाया जाता हैं इस वर्ष 2024 का थीम है- 'प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक' इस थीम का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना और उसके ऑप्शन्स की तलाश पर जोर देना है। छत्तीसगढ़ शासन, शिक्षा विभाग ने 22 अप्रैल से ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित कर दिया है इसको ध्यान में रखते हुए डी ए वी विद्यालय प्रबंधन जांता ने निर्णय लिया कि क्यो न हम हमारे बच्चों ऑनलाइन मोड़ के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं व शिक्षा से जोड़े रखे ऐसे में ऑनलाइन मोड़ पर पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन रखे हिसमे बच्चे भी घर पर सुरक्षित रहकर भाग ले सके, और बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिए भी, छात्र छात्रों ने पेंटिंग के जरिये अपनी भावनाओ को उकेरा, यह संदेश दिया है की पर्यावरण से किये गए खिलवाड़ का नतीजा है आज पृथ्वी वेंटिलेटर पर है। डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता, बेमेतरा के ऑनलाइन पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन में स्कूल के विद्यालय के लगभग 700 छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने आयोजन के बारे मे बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के इस वर्ष का थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक व सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाए हम थीम को लेकर पेटिंग पोस्टर की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्राथमिक से लेकर हायरसेकंडरी तक के लगभग 700 छात्र- छात्रों ने इसमे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। यह प्रतियोगीता जागरूकता ला सके इसी उद्देश्य से । सभी प्रतिभागीयों को ई सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र) भी दिया जाएगा।

वार्ड क्रमांक 15 में सुबह से लेकर रात तक चलता रहा आयोजन

# विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और श्री हनुमान मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जयंती उत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




श्री हनुमान जयंती उत्सव पर संपूर्ण नगर हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धा भक्ति भाव में डूबा रहा। नगर के अनेक स्थानों में मंदिरों में हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई श्रद्धालुओं और भक्तों ने भोग प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड कुमारी के तत्वावधान में सर्वप्रथम लिंगेश्वर मंदिर तालाब पर वार्ड क्रमांक 14 में श्री हनुमान जी की पूजा के पश्चात अत्यंत बड़ी संख्या में नगर वासी भक्तजन विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने गगन भेदी जय घोष करते हुए शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण प्रारंभ किया और कांजी हाउस स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचे। हनुमान मंदिर से भक्तों ने श्रीराम व हनुमानजी की शोभायात्रा में सम्मिलित हो कर बाजे- गाजे के साथ स्टेशन चौक से होते हुए बाजार चौक बस्ती पहुंचे, जहां हनुमान भक्तों व विशाल शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों का अनेक स्थानों पर शीतल पेय जल, चना और बून्दी वितरण कर स्वागत किया गया। स्टेशन चौक पर व्यापारी संघ कुम्हारी द्वारा तथा वार्ड क्रमांक दस में आडवाणी परिवार तथा बाजार चौक में सेवा संकल्प समिति द्वारा चना मूंग का प्रसाद व शरबत बांटकर स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में हनुमान भक्त भगवा ध्वज लिए व भगवा वस्त्र धारण किये हुए थे जिससे नगर का माहौल भगवा मय हो उठा। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों के जय जय राम जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष नारों से नगर गूंज उठा। भक्त डीजे व धुमाल के धुनों में झूमते नाचते हुए आगे बढ़े जहां उनका स्वागत नगर वासियों ने फूलों से किया। पूरी यात्रा के दौरान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा यही नही शोभायात्रा में लोक कला सुआ नृत्य समिति की बहनों ने व लोक अखाड़ा एवं करतब दल (देवादा दुर्ग) के साथियों ने अपने नृत्य व करतबों से भक्तों व दर्शकों का मन मोह लिया। बजरंग दल प्रखंड कुम्हारी के प्रमुख प्रवीण राव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती अत्यंत धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया था इसके साथ ही विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी कार्यकर्ता साथी भाजपा के कार्यकर्ता एवं सनातनी हिंदू भाइयों बहनों ने स्वप्रेरणा से श्री हनुमान जयंती में सम्मिलित होकर कार्यक्रम के आयोजन को सार्थकता प्रदान की ।

**वार्ड क्रमांक 15 में सुबह से लेकर रात तक चलता रहा आयोजन**–वार्ड वासियों द्वारा दुर्गा शंकर मंदिर प्रांगण में प्रातः 6:00 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई दिनभर भक्त जनों ने पूजा पाठ किया सायं 4:00 बजे से सुंदरकांड प्रारंभ किया गया तत्पश्चात 6:00 बजे सायं हवन और महा आरती संपन्न की गई और देर रात तक महाप्रसाद का वितरण किया गया तो दूसरी ओर नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठान कॉन्टिनेंटल में भोग और भंडारे का पूरे दिन तक वितरण किया गया ।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 17 मई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बाल सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12 वीं तक उतकृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि 23 अप्रैल 2024 है तथा आवेदन अंतिम तिथि 17 मई को रात्रि 12.00 तक भरे जा सकते हैं। ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई 2024 तक किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा तिथि 09 जून 2024 निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने एवं अन्य जानकारी हेतु लिंक एचटीटीपीएस डबल स्लेस एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआइसी डॉट इन स्लेस पीआर एस एम एस स्लेस स्टूडेंट डेश एडमिशन डेश डिटेल https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर देख सकते है।

# अब चुनाव सिर्फ पैसे के बल पर लड़ा जाता है : अरविंद नेताम

## पायनियर के जिला प्रतिनिधि रवि भूतड़ा की नेताम से खास बातचीत

पायनियर संवाददाता ▸ बालोद
www.dailypioneer.com

कांकेर लोकसभा का चुनावी रंग अपने पूरे सबाब पर है, गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे से चुनावी मुद्दे भी गर्म होते जा रहे हैं। इस बार मुकाबला दो पार्टियों के बीच नहीं बल्कि दो पार्टियों के साथ एक स्थानीय पार्टी जो आदिवासी समाज ने खड़े किया है, हमर राज पार्टी के साथ भी है। हालांकि कांटे की टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच हैं। हमर राज पार्टी 6 महीना पहले ही जो पूरी तरह सक्रिय होकर के सामने आई, आदिवासी समाज ने इस पार्टी को सामने लाया। जिसका नेतृत्व कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अरविंद नेताम कर रहे है। कांकेर लोकसभा से 1971 से 1977 और 1980 से 1996 तक यानी कुल पांच बार कांग्रेस से सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे। 1996 में अरविंद नेताम की पत्नी छबीला नेताम सांसद रही। अरविंद नेताम इन दिनों अपनी क्षेत्रीय पार्टी हमर राज पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करते नजर आ रहे हैं। अरविंद नेताम का साफ कहना है कि समाज पहले और पार्टी बाद में होती है। आदिवासी समाज का जो राजनीतिक दलों ने दुर्गति किया है समाज को दरकिनार किया है यही वजह रही कि आज क्षेत्रीय पार्टी बनकर समाज को आगे लाने का काम किया जा रहा है। यह पार्टी आंदोलन से खड़ी हुई पार्टी है। जहां समाज के हित में ही बात की जा रही है। 6 महीना पहले ही यह पार्टी सक्रिय हुई है। इससे पहले अरविंद नेताम समाज के साथ मिलकर समाज की मांगों को लेकर लगातार सड़कों पर आंदोलन करते नजर आए थे। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे, अरविन्द नेताम की आखिर क्या



पीड़ा रही कि उन्हें कांग्रेस का दामन छोड़ना पड़ा, क्यों उन्हें अपनी पार्टी बनकर समाज के लिए हित में लड़ना पड़ रहा है, पहले के चुनाव और अब के चुनाव में कितना फर्क आया। इन सभी बातों के लिए बालोद पहुचे पूर्व सांसद एवं आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने पायनियर के जिला प्रतिनिधि रवि भूतड़ा से खास बातचीत की।

**सवाल-** आखिर आपको हमर राज पार्टी बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी..?

**जवाब-**देखिए हमे शौक नही था, राजनीतिक दल बनाने का मगर हमने भाजपा और कांग्रेस दोनो की सरकार को देखा, छत्तीसगढ़ बनने के बाद, एक बड़ी दुखदाई स्थिति बनी संविधान कानून और आरक्षण की अवहेलना करना, जबकि जो पार्टी सत्ता में रही हो इसका पालन करना था। मगर ऐसा नही हुआ, ये आक्रोश था समाज में, पिछली कांग्रेस सरकार ने पेशा कानून को जो खत्म करने का प्रयास किया, उससे मैं बहुत दुखी हुआ, इस कानून को बनाने के लिए 1996 में संसद में मैने और संसद के बाकी साथियो ने जो ताकत लगाई थी, क्यो की ये अंदेशा था कि आने वाले समय में आदिवासी इलाकों में खतरे की घंटी बज रही है। जल जंगल जमीन पर कारपोरेट की नजर थी, इसी वजह से पेशा कानून बनाया गया। मगर जो हुआ वो बहुत दुख और पीड़ा का कारण बना। राहुल गांधी ने अपने भाषण कहा था छत्तीसगढ़ में सरकार आते ही पेशा कानून का पालन होगा। मगर हुआ क्या सबसे ज्यादा दुर्गति उन्ही की कांग्रेस सरकार में हुआ। जो यही वजह रही हमर राज पार्टी बनाना पड़ा और अब चुनाव लड़ना पड़ रहा है।

**सवाल-** कांग्रेस से दूरी बनाने का कारण क्या था..?

**जवाब-**कांग्रेस पार्टी की सोच बन गई थी, इन्हें मौका नही देना है, पांच बार का सांसद रहा हूं, मगर पार्टी खुद अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारती है और मूलतः मैं सामाजिक हूं, समाज के लिए काम करता हूं, बाद में पार्टी आती है मेरे लिए,आज भी समाज के लिए खड़ा हूँ।

**सवाल-** पहले के चुनाव और अभी के चुनाव में कितना फर्क देखते है..?

**जबाव-** बहुत अंतर आ गया है, आप मीडिया को देख लीजिए 1975 के दशक में पहले रायपुर से गिने चुने अखबार थे, वही से सब हैंडल होता था, अब तो अब आप देख लो नई टेक्नोलॉजी आ गई, मोदी जी के पहले चुनाव जीतने में मीडिया का अहम भूमिका देखा, पहले तो चुनाव प्रचार में बहुत दिक्कत होती थी, पर उस समय कांग्रेस का संगठन बहुत मजबूत होता था, हर बुथ में हर गांव में कांग्रेस के वर्कर थे, जिम्मेदार लोग थे, मगर अब आप देख लो, पहले तो संगठन ही चुनाव लड़ते थे, मगर अब की परिस्थिति पूरी बदल गई है, उस समय कार्यकर्ता बहुत मजबूती से कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी से काम होता था, मध्यप्रदेश के समय जितने गम्भीरता से मैंने पूरे लोकसभा का दौरा किया, अब वो नजर नही आता।

**सवाल-** आपके समय में, जब आप पहला सांसद चुनाव लड़े तो कितना खर्च होता था..?

**जवाब-**मेरे पिता जी देखते थे, घर से 25 हजार ही लगता था, पहला चुनाव पूरा लोकसभा मैंने 1 लाख खर्च कर जीता था, उस समय संसाधन नही थे, इतनी आधुनिकता नही थी, अभी तो खर्च देख के सोच में पड़ जाते है कि चुनाव लड़े की नही..? क्योकि अब चुनाव सिर्फ पैसे के बल पर लड़ा जाता है।

**सवाल-** चुनाव में टिकट को लेकर बाते होती है कि पैसे देकर टिकिट लिए जाते है। आपके साथ ऐसा कुछ हुआ..?

**जवाब-**देखिये मेरे साथ ऐसा कुछ नही हुआ, मुझे तो हाईकमान ने टिकिट दे दिया लड़ने के लिए जो मेरे लिये बड़े आश्चर्य बात थी। पहले ही बार में मुझे मंत्री बना दिया गया, मुम्बई में वित्तीय कमेटी की बैठक में शामिल हुआ, मेरे लिए सच मे बड़ा आश्चर्य था। राजनीतिक जीवन में बहुत सी चीज हुई, सबसे बड़ी बात इंदिरा गांधी के साथ काम करने का मौका मिला जो कम उम्र में मेरे लिए सौभाग्य की बात थी।

**सवाल-**आपके बाद अब तक कांग्रेस पार्टी कांकेर लोकसभा नहीं जीत पाई, आखिर कारण क्या रहा..?

**जवाब-**कांग्रेस पार्टी में कई बार कहा हूं, की मेरे बाद आज तक क्यो कांग्रेस लोकसभा चुनाव नही जीत पाई, इसका चिंतन करो, मगर कांग्रेस पार्टी ने ध्यान नही दिया, कई परिवार को खुद कांग्रेस पार्टी ने निपटा दिया, भूरिया जी थे, डॉक्टर पोर्ते थे, मगर सब फेल हो गए कांग्रेस के दुर्गति का यही कारण है।

**सवाल-**अब तो आप लगातार आदिवासी समाज से अलग कैंडिडेट खड़ा कर रहे है, परिणाम को कैसे देखते है..?

**जवाब-**परिणाम की उतनी चिंता नही है, समाज अगर जागेगा तो चुनाव से जागेगा, इन्ही चुनाव से समाज आगे बढ़ेगा, अगर जो पार्टी कमजोर पड़ेगी, उसको भरने का काम हमारी पार्टी हमर राज पार्टी करेगी, कठिन समय आ गया है, क्योकि सामाजिक आंदोलन पर पार्टी खड़ी हुई है, राजनीतिक बेस पर नही।

**सवाल-** मगर आप की हमर राज पार्टी को आदिवासी समाज का ही पूरा समर्थन नही मिल पा रहा..?

**जवाब-**किसी भी राजनीतिक पार्टी को खड़े करने में वर्षो लगता है, कोई भी राजनीतिक पार्टी साल दो साल में तो खड़ी नही होती, समय लगता है, एक बार समाज की पीढ़ी ये समझ ले कि आखिर इसकी क्यो जरूरत है, फिर नीव मजबूत होगी और समाज भी पूरा साथ देगा।

# मतदाता जागरूकता का संदेश देने महिलाओं ने थामी स्टेरिंग




पायनियर संवाददाता ▸ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए महिलाओं की कार रैली में उनका जज्बा और जोश देखते ही बन रहा था। महिलाएं खुद कार की स्टेरिंग थामकर रैली में निकली। सबसे आकर्षण खुली जीप में महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता का स्लोगन और विभिन्न तरह के नवाचारी से मतदाता जागरूकता का कार्य किया गया। इस कार रैली में कई समूह की महिलाएं शामिल हुई और एक स्वर में मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए मतदान का संदेश दिया। स्वीप के इस नवाचारी कार्य के लिए जिला प्रशासन को कार रैली में शामिल हुई महिलाओं ने धन्यवाद दिया और सराहना भी की।

**मजबूत लोकतंत्र के लिए हर वर्ग को मतदान जरूरी**

रायपुर की प्रियंका मिश्रा गृहणी है। मतदाता जागरूकता के लिए रैली में शामिल मिश्रा बताती हैं कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में मतदान सबसे आवश्यक है। अधिक से अधिक मतदान से लोकतंत्र मजबूत होगा। 18 की उम्र से अधिक के युवाओं और बुजुर्गों भी अपील है कि 7 मई को मतदान के लिए अवश्य मतदान केंद्र जाएं और मजबूत लोकतंत्र बनाने में सहभागी बनें।

**मतदान में महिलाओं की बड़ी जिम्मेदारी**

रायपुर की शारदा सिंह ने महिलाओं के द्वारा निकाली गई कार रैली को महत्वपूर्ण बताते हुए कहती हैं कि लोकतंत्र के पर्व के लिए एक दिन समय निकालकर अवश्य मतदान करें। महिलाओं की जिम्मेदारी बड़ी होती है और महिलाएं बढ़-चढ़कर मतदान का हिस्सा बनें और कार रैली जैसे आयोजन के लिए जिला प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह नवाचार आयोजन काफी सफल रहा।

**सभी धर्म लोकतंत्र के पर्व में निभाए सहभागिता**

रायपुर की इंदिरा कहती है कि जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता के लिए भव्य कार रैली का आयोजन किया। हमने कार रैली में अलग-अलग धर्म के लोगों को लोकतंत्र के पर्व में सहभागिता निभाने का संदेश दिया। कार रैली में विभिन्न प्रकार से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। जोश, उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता के लिए कार रैली निकाली गई। इसके लिए प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद करते है। ऐसे आयोजन से मतदाताओं में जागरूकता भी आएगी और शत-प्रतिशत मतदान की उम्मीद भी है।

**मतदाता जागरूकता के लिए आकर्षक साज-सज्जा**

छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार ऋचा शर्मा ने अपनी कार को काफी आकर्षक साज सज्जा के साथ रैली में शामिल हुई। उन्होंने मतदान के प्रति जागरूकता हेतु अपनी सहभागिता निभाई।

**छोटे बच्चे को लेकर आई महिला**

सरोना निवासी शिवानी तिवारी में अपने चार माह का नवजात शिशु को लेकर रैली में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि जब मैं अपने चार माह बेटे के साथ मतदाता जागरूकता के लिए आगे आ सकती हूं तो हर कोई मतदान केंद्र में पहुंचकर अवश्य मतदान कर सकते है।

**मतदान के जरूरतों को रैली में बताया**

अवंति विहार निवासी डॉ. अनामिका सिंह स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. अनामिका 2023 में मिसेज इंडिया मेडिकोदिवा रह चुकीं हैं। इन्होंने 2023 में दुबई में आयोजित कॉस्मिक यूनिवर्स में फेस ऑफ इंडिया का अवार्ड प्राप्त की हैं। स्त्रीरोग विशेषज्ञ में इनका जाना पहचाना नाम हैं। इन्होंने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के लिए महिला स्वीप कार रैली में अपनी सहभागिता निभाई। इन्होंने अपनी कार में सभी तरफ स्लोगन जैसे की मेरा वोट मेरी आवाज राष्ट्र वाद, संस्कृति, सुरक्षा, विकास, चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण संदेश लिखे हुए थे।

# राजभवन में रुकेंगे पीएम मोदी, शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ▸ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री के राजभवन में रूकने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत की। शिकायत में कहा गया कि 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी का रायपुर आगमन हो रहा है और उनका रात्रि विश्राम राजभवन में प्रस्तावित है जो कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल का निवास स्थान है। राज्य के संवैधानिक प्रमुख के निवास पर प्रधानमंत्री मोदी का रात्रि विश्राम करना सीधे-सीधे पूरे राज्य के मतदाताओं को और पूरी सरकारी मशीनरी को प्रभावित करेगा और यह निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियों को दूषित करेगा। कांग्रेस ने कहा कि निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार होते हैं और उनकी सुरक्षा की आवश्यकताएं भी होती हैं जिन्हें हम सब बखूबी समझते हैं और उन्हें हर हालत में पूरा किया जाना चाहिए। लेकिन प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार प्रजातंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मूलभूत बातों से ऊपर नहीं है। यदि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के नाम पर वे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के शासकीय निवास राजभवन में रूकते हैं तो इससे पूरे छत्तीसगढ़ में लोकसभा




चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। आखिर राज्यपाल ही तो निर्वाचन कार्य में लगी कार्यपालिका के प्रमुख हैं और इससे चुनावी कार्य में लगे सारे सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों की निष्पक्षता प्रभावित होगी और चुनाव का वातावरण सत्ताधारी दल के पक्ष में प्रदूषित किया जायेगा। यह निश्चित रूप से निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियों को प्रभावित करने की भाजपा की चाल है जिसका हम विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम के लिए उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप राजभवन की जगह किसी और उपयुक्त और विधि विधान के अनुरूप स्थान में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए शासन को निर्देशित करे। यह निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है और निर्वाचन आयोग इस संबंध में तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से निर्णय लेकर कार्यवाही करे यह निर्वाचन की निष्पक्षता के हित में होगा। पूर्व में जब-जब राज्य सरकार के मुख्यि मुख्यमंत्री चुनावों के दौरान आचार संहिता लगी होने के बावजूद निर्वाचन आयोग की अनुमति से शासकीय विश्राम गृहों में रूकते रहें हैं तब-तब निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त निर्वाचन पर्यवेक्षकों ने वहां उपस्थित रहकर यह सुनिश्चित किया है कि वे किसी भी राजनैतिक या चुनाव कार्य से जुड़े शासकीय व्यक्ति से न मिले। प्रधानमंत्री मोदी के प्रवास के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा उनके विश्राम के लिए निर्धारित शासकीय परिसर में किसी भी राजनैतिक या चुनाव कार्य से जुड़े शासकीय व्यक्ति से प्रधानमंत्री मुलाकात न करे इसे भी निर्वाचन आयोग को सुनिश्चित करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के प्रवास और रात्रि विश्राम का दुरूपयोग निष्पक्ष निर्वाचन को प्रभावित करने के लिए न किया जाए यह सुनिश्चित करने का हम बेहद विनय पूर्वक लेकिन उतनी ही दृढ़ता के साथ निवेदन करते हैं। यदि प्रधानमंत्री मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता है और वे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के निवास पर रूकते हैं तो इससे पूरे राज्य के चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। यदि ऐसा होता है तो राज्य से भाजपा के एक भी लोकसभा सदस्य के निर्वाचित होने की स्थिति में मैं उसके निर्वाचन को चुनौती देने और न्यायहित में अदालत की शरण में जाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता हूं। ज्ञापन सौपने वाले में प्रदेश कांग्रेस वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग अध्यक्ष देवा देवांगन, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, वार रूम उपाध्यक्ष प्रवीण साहू, मीडिया कोऑर्डिनेटर परवेज अहमद, राम शंकर सोनकर उपस्थित थे।

# रायपुर में हनुमान जयंती की धूम, मंदिरों में उमड़े हनुमान भक्त

पायनियर संवाददाता ▸ रायपुर
www.dailypioneer.com

चैत्र पूर्णिमा पर चित्रा नक्षत्र एवं सर्वार्थसिद्धि समेत अन्य योगों के संयोग में हनुमान जयंती श्रद्धा उल्लास से मनाई जाएगी। इस साल हनुमान जयंती इसलिए खास है कि यह मंगलवार के दिन पड़ रही है। मंगलवार को ही चित्रा नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग में हनुमान का जन्म हुआ था। तीन ऐतिहासिक हनुमान मंदिरों के अलावा गली-मोहल्लों के 50 से अधिक मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात तक भक्तिभाव छाया रहेगा। रायपुर में हनुमान जयंती की धूम, मंदिरों में उमड़े हनुमान भक्त, शोभायात्रा में झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के प्रमुख वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में बनारस की तर्ज पर महादेव घाट में महाआरती की जाएगी। प्रत्येक पूर्णिमा को होने वाली यह 18वीं महाआरती होगी। सभी मंदिरों में सुबह प्रतिमा पर चोला श्रृंगार, पूजन, महाआरती की जाएगी। अनेक मंदिरों में महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।



गाजे, बाजे और झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की चौपाइयां गूंजेगी। समता कालोनी में श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, प्रचार प्रभारी सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया कि 23 अप्रैल को मंदिर के स्थापना दिवस की रजत जयंती एवं हनुमान जयंती पर सुबह 10 बजे बजरंगबली का दुग्धाभिषेक, हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। दोपहर को सवामनी का भोग एक बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। मां महामाया मंदिर के सामने समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लाहोटी के निवास पर 17 किलो पीतल की हनुमान प्रतिमा का श्रृंगार, पूजा-अर्चना करके भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मित्र मंडल ग्रुप के संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, कृष्णा लाहोटी के सान्निध्य में अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 26 मिनट पर महाआरती के साथ भोग लगाएंगे। 12 बजे से महाभंडारा शुरू होगा। भजन गायक कराओके सिस्टम से भजनों की प्रस्तुति देंगे। निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर में डा. मनोज लाहोटी स्वास्थ्य जांच करेंगे। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म सद्भावना हनुमान मंदिर के राजकुमार राठी ने बताया कि सुबह प्रतिमा का श्रृंगार करके दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर एक बजे से महाभंडारे का आयोजन किया गया है। राठौर चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे दुग्धाभिषेक, श्रृंगार किया जाएगा। शरद राठौर ने बताया कि शाम छह बजे महाआरती होगी।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403